वर्ष : 33 ▸ अंक : 199 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 5 अक्टूबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## न्यूज़ ब्रीफ

### राकांपा (एसपी) में शामिल होंगे हर्षवर्धन पाटिल

**पुणे।** भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटिल अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)-शरदचंद्र पवार में शामिल होंगे। पाटिल ने शुक्रवार को यह घोषणा की। एक दिन पहले हर्षवर्धन पाटिल ने मुंबई में पार्टी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने दावा किया कि पवार ने उनसे उनकी पार्टी में शामिल होने और विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया है। महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इंदापुर सीट से चार बार विधायक चुने जा चुके पाटिल एक बार फिर इंदापुर से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इस सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा की गठबंधन सहयोगी राकांपा करती है, जो इस बार फिर से मौजूदा विधायक दत्तात्रेय भरणे को मैदान में उतार सकती है।

### फ्लैट में मिली पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां की लाश, गले में चोट के निशान

**पुणे।** पूर्व इंडियन क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां की लाश एक फ्लैट में लहूलुहान हालत में मिली। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और फ्लैट के अंदर दाखिल हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जांच-पड़ताल में जुट गई। शुरुआती जांच में सलिल अंकोला की मां के गले पर जख्म के निशान मिले। पुलिस हत्या और आत्महत्या के एंगल पर जांच-पड़ताल कर रही है। ये भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि कोई व्यक्ति घर के अंदर दाखिल हुआ और गला चीरकर चला गया। ब्लीडिंग ज्यादा होने से उनकी मौत हो गई। हालांकि फ्लैट अंदर से बंद था और किसी फोर्स एंट्री के निशान पुलिस को नहीं मिले।

### हरियाणा में आज पड़ेंगे वोट

**चंडीगढ़।** हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए मतदान शनिवार को होगा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा समेत कुल 1031 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। मतदान के लिए कुल 20,632 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि 2,03,54,350 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। इनमें 1,07,75,957 पुरुष और 95,77,926 महिला और 467 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं, 8,821 मतदाता सौ वर्ष से अधिक उम्र के हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतगणना आठ अक्तूबर को होगी।

# चुनावी मोड में पीएम मोदी

## पीएम मोदी का मुंबई और ठाणे दौरा आज

### महाराष्ट्र को देंगे 56,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

राजा आदाटे/ धीरज सिंह । मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र का दौरा कर 56,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वह आर्थिक राजधानी मुंबई और पड़ोसी जिले ठाणे के निवासियों को बड़ी सौगातें देंगे। पीएम मोदी मेट्रो और सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।



### ठाणे में शहरी गतिशीलता बढ़ाने के लिए 32,800 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ

पीएम मोदी शनिवार शाम करीब 4 बजे ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री लगभग 12,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे। परियोजना की कुल लंबाई 29 किमी है जिसमें 20 एलिवेटेड और 2 भूमिगत स्टेशन हैं। यह महत्वाकांक्षी मेट्रो परियोजना ठाणे शहर के सार्वजनिक परिवहन के लिए गेम चेंजर साबित होगी। प्रधानमंत्री लगभग 3,310 करोड़ रुपये की लागत से ठाणे के छेड़ा नगर से आनंद नगर तक एलिवेटेड ईस्टर्न फ्रीवे एक्सटेंशन की आधारशिला भी रखेंगे। यह परियोजना दक्षिण मुंबई से ठाणे तक कनेक्टिविटी बेहतर करेगा। प्रधानमंत्री लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ठाणे नगर निगम की आधारशिला भी रखेंगे। ठाणे नगर निगम की इस भव्य प्रशासनिक इमारत में नगर निगम के अधिकांश विभागों के कार्यालय होंगे।

### नवी मुंबई एयरपोर्ट इन्फ्लुएंस एरिया के विकास के लिए NAINA का शिलान्यास

ठाणे में एक और महत्वपूर्ण परियोजना नवी मुंबई एयरपोर्ट इन्फ्लुएंस नोटिफाइड एरिया परियोजना है, जिसके पहले चरण का शिलान्यास होगा। इस परियोजना से इस क्षेत्र में अवसंरचना विकास को गति मिलेगी। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र की कृषि, शहरी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने वाली विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिससे राज्य की सर्वांगीण प्रगति को बल मिलेगा।

### पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का शुभारंभ करेंगे पीएम

पीएम मोदी शाम करीब 6 बजे बीकेसी मेट्रो स्टेशन से वे बीकेसी से मुंबई के आरे जेवीएलआर तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी मुंबई मेट्रो लाइन-3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन करेंगे, जिसकी लागत करीब 14,120 करोड़ रुपये है। इस खंड में 10 स्टेशन होंगे, जिनमें से 9 भूमिगत होंगे। मुंबई मेट्रो लाइन-3 एक प्रमुख सार्वजनिक परिवहन परियोजना है, जो मुंबई शहर और उपनगरों के बीच आवागमन में सुधार करेगी। पूरी तरह से चालू होने के बाद लाइन-3 से प्रतिदिन करीब 12 लाख यात्रियों को सेवा मिलने की उम्मीद है। केवल इतना ही नहीं, पीएम मोदी बीकेसी और सांताक्रूज स्टेशनों के बीच मेट्रो का सफर भी करेंगे।

### प्रधानमंत्री का वाशिम में कार्यक्रम

वाशिम में प्रधानमंत्री 23,300 करोड़ रुपये की कृषि और पशुपालन क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का वितरण किया जाएगा, जिससे लगभग 9 .4 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री कृषि अवसंरचना कोष के तहत लगभग 1,920 करोड़ रुपये के 7,500 से अधिक परियोजनाओं को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही, वे 9,200 किसान उत्पादक संगठनों का राष्ट्र को समर्पण करेंगे। इसके अलावा, बंजारा समाज की समृद्ध विरासत का प्रतीक ₹बंजारा विरासत संग्रहालय₹ का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा।

# सुरक्षाबलों का नक्सलियों पर सबसे बड़ा प्रहार

## सुरक्षाबलों ने 40 नक्सली मार गिराए, 28 के शव बरामद

▸▸ AK-47 समेत कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद



एजेंसी । दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 40 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। मौके से बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ जारी है।

### 28 नक्सलियों के शव बरामद

24 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अभी भी मुठभेड़ जारी है। रात होने की वजह से पुलिस मुठभेड़ में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं यह स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। 40 से ज्यादा भी मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल पूरे इलाके में सर्चिंग जारी है। सूत्रों की माने तो करीब 40 नक्सली इस मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

### सभी जवान सुरक्षित

जानकारी के मुताबिक जवान नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना वाली जगह पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में 40 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। क्षेत्र में रुक- रुक कर गोलीबारी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है।

## महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर मंत्रालय की बिल्डिंग से कूदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और NCP विधायक नरहरि जिरवाल समेत कई आदिवासी विधायकों ने मंत्रालय में सुरक्षा जाल पर छलांग लगा दी। जिरवाल सत्ताधारी गठबंधन के सबसे वरिष्ठ आदिवासी विधायकों में से एक हैं। यह विरोध प्रदर्शन PESA (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) के प्रावधान) के तहत अधिसूचित अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की नियुक्ति बंद करने और विधानसभा चुनाव से पहले धनगर को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के खिलाफ किया गया था। नरहरि जिरवाल ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाई और फिर पुलिस उन्हें वहां से ले गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दोपहर बाद विधायकों को बैठक के लिए बुलाया है ताकि उनके मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया जा सके। जिरवाल के साथ बीजेपी सांसद हेमंत सावरा, विधायक किरण लहामते, हीरामन खोसकर और राजेश पाटिल भी सुरक्षा जाल पर कूद गए।



# महाराष्ट्र में अजित पवार को झटका!

## ▪ विधायक बबनराव शिंदे ने की बगावत
## ▪ शरद पवार की पार्टी में होंगे शामिल

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर पाला बदल तेज हो गया है। नाराज पार्टी नेताओं के दूसरी पार्टी में शामिल होने की होड़ मच गई है और अब अजित पवार गुट के विधायक बबनराव शिंदे ने एनसीपी शरद पवार के साथ जाने का ऐलान किया है। बबनराव ने बगावत का ऐलान करते हुए कहा कि उनके बेटे रणजीत सिंह शिंदे या तो एनसीपी (एसपी) में शामिल होंगे या फिर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव में माढ़ा लोकसभा क्षेत्र का घटनाक्रम खूब चर्चा में रहा था और अब विधानसभा चुनाव से पहले फिर भी राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। बीजेपी के तत्कालीन माढ़ा के सांसद रणजीत सिंह नाइक निंबालकर को बीजेपी ने टिकट दिया था। लेकिन मोहित पाटिल, जो उस समय भाजपा में थे, भी इच्छुक थे। उन्होंने पहले ही उम्मीदवार बनने की इच्छा जाहिर कर दी थी। लेकिन फिर भी पार्टी ने उन पर विचार नहीं किया। इससे नाराज होकर मोहित पाटिल राष्ट्रवादी शरद पवार गुट में शामिल हो गए और उन्हें वहां से नामांकन मिल गया। दूसरी ओर, रंजीतसिंह नाइक निंबालकर का अजित पवार गुट के वरिष्ठ माधा नेता रामराजे निंबालकर ने विरोध किया था और अंततः मोहित पाटिल ने जीत हासिल की थी।

### मजीद मेमन ने TMC से तोड़ा नाता, शरद पवार की NCP में की घर वापसी



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले मजीद मेनन ने ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से नाता तोड़कर एनसीपी (शरद पवार) का दामन थाम लिया है। मजीद मेमन देश के बड़े वकील और पूर्व राज्यसभा सांसद हैं। मजीद मेमन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि इसके पहले भी वो एनसीपी में रह चुके हैं, लेकिन बंगाल छोड़कर टीएमसी देश के अन्य राज्यों में नहीं है और आने की स्थिति में भी नही है। ऐसे में उन्होंने अपने राज्य महाराष्ट्र में शरद पवार के साथ जाने का निर्णय किया है।

### बबनराव शिंदे ने बगावत का किया ऐलान

अब माढ़ा विधानसभा क्षेत्र में अजित पवार गुट के विधायक बबनराव शिंदे हैं। वह पिछले छह बार से विधायक चुने जाते रहे हैं, लेकिन बबनराव शिंदे अब चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। वह इस चुनाव में अपने बेटे रणजीत सिंह शिंदे को मैदान में उतारना चाहते हैं। लेकिन इस सीट पर महागठबंधन में शामिल शिवसेना भी दावा कर रही है। चर्चा है कि स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत के भाई इस सीट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। उधर, बबनराव शिंदे शरद पवार से मुलाकात की है। मुलाकात के बाद बबनराव शिंदे ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है। अजित पवार समूह के विधायक बबनराव शिंदे घोषणा की है कि उनके बेटा तुतारी (एनसीपी शरद पवार का चुनाव चिह्न) से या फिर निर्दलीय चुनाव लड़ेगा। विधायक बबनराव शिंदे ने कहा कि महागठबंधन का मामला खत्म हो गया है।

### बबनराव शिंदे ने शरद पवार से की मुलाकात



उन्हंने कहा कि वह अपने बेटे रणजीत सिंह शिंदे को तुतारी से या फिर स्वतंत्र चुनाव लड़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं 38 साल से शरद पवार के साथ राजनीति कर रहा हूं। इसलिए मैंने शरद पवार से मुलाकात की है। शरद पवार से टिकट की मांग की गई है। मुझे नहीं पता कि वे टिकट देंगे या नहीं। लेकिन अगर शरद पवार इस साल के चुनाव में मेरे बेटे रणजीतसिंह को टिकट देते हैं, तो ठीक होगा, अन्यथा उन्हें स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगे। जब विधायक बबनराव शिंदे से उनके भतीजे धनराज शिंदे की बगावत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमारे घर का मुद्दा खत्म हो गया है। रंजीत सिंह मोहित पाटिल की उम्मीदवारी के सवाल पर बबनराव शिंदे ने जवाब दिया कि हमें किसी से कोई चुनौती नहीं है। यह गन्ने की कीमत पर राजनीति करने का समय नहीं है। मैं उन चर्चों के बारे में बात नहीं करना चाहता। एफआरपी से अधिक दरों का भुगतान करना उनकी परिस्थितियों पर निर्भर करता है, लेकिन जिनके पास स्थिति नहीं है वे भी दरें घोषित कर रहे हैं।

# पीएम मोदी के दौरे के लिए ठाणे में भारी वाहनों का प्रवेश बंद



**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार 5 अक्टूबर 2024 को वलावलकर सभा मैदान, बोरीवाडे गांव, कासारवडवली, घोड़बंदर रोड, ठाणे (पश्चिम) में 33 हजार करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की आधारशिला रखने जा रहे हैं ,साथ ही कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ भी पीएम मोदी करेंगे। इस अवसर 'मुख्यमंत्री-लाड़की बहन' योजना की महिला लाभार्थियों के लिए प्रतिनिधिक तरीके से सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस सुरक्षित दौरे के लिए ठाणे में पुलिस ने सभी भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित तो किया ही है साथ ही रात बारह बजे से 5 अक्टूबर 2024तक 24 घंटे के लिए सभा के सभी निकटवर्ती मार्गों पर यातायात पर रोक लगाई है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

### ▸▸ हत्या व आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**



उल्हासनगर के पवई चौक परिसर में स्थित कामला नामक इमारत से गिरकर एक 22 वर्षीय युवक मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान शाहिल गौतम शाह के रूप में हुई है। शुक्रवार शाम घटी इस घटना से परिसर में शोक की लहर फैल गयी है पिछले सप्ताह ही मुर्तक युवक का जन्मदिन था। मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर के पवई चौक स्थित विकास टॉवर में शाहिल अपने परिजनों के साथ रहता था। रोज की तरह शुक्रवार को भी वह घर से श्री राम चौक स्थित अपनी दुकान पर गया था। दोपहर के समय घर पर खाना खाने नही पहुचने पर उसकी मां ने उसे घर पर खाना खाने के लिए घर पर बुलाया। पर शाहिल द्वारा थोड़े में आने को कहकर फोन काट दिया।और कुछ समय बाद परिवार को खबर मिली कि वह कमला बिल्डिंग से नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी मध्यवर्ती पुलिस को दी। इसके उपरांत पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को अपने कब्जे में लेकर मध्यवर्ती अस्तपताल ले गयी। शुरुआती जांच में पुलिस को मृतक के कपड़ों पर कुछ संदिग्ध निशान मिले हैं। साहिल के कपड़े का बटन टूटा हुआ था, गले पर घाव के निशान थे और उसकी कमर का बेल्ट भी टूटा हुआ पाया गया। युवक के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मौत के कारणों की जांच की जा रही है। मामला संदिग्ध नजर आ रहा है फिलहाल मामले की जांच मध्यवर्ति पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक सुधर्म सावंत कर रहे है।

# मेगा रक्तदान शिविर व हेल्थ चेकअप संपन्न




**दोपहर संवाददाता | डोंबिवली**

साहू तेली समाज वेलफेयर सेवा संस्था महाराष्ट्र प्रदेश द्वारा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेगा रक्तदान शिविर एवं फ्री हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया था। यह आयोजन 2 अक्टूबर दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक डोंबिवली पूर्व राजाजी पथ के आदर्श विद्यालय में किया गया था। मानवता के इस महान कार्य मे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे रक्तदान करने की अपील संस्था द्वारा की गई थी। इसके बादफ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने रक्तदान कर इस महारक्तदान शिविर को सफल बनाया व फ्री हेल्थ चेकअप का लाभ उठाया।

# पश्चिम रेलवे पर मनाया जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

भारतीय रेल 1 से 15 अक्टूबर, 2024 तक अपने सभी जोनों और उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है, जिसमें विशिष्ट विषयों के तहत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का विवरण देने वाला एक व्यापक कार्यक्रम शामिल है। यह पखवाड़ा रेलवे परिसर की सफाई में दृश्यमान और ठोस सुधार सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इस पहल में शामिल होकर, पश्चिम रेलवे ने भी स्टेशनों, कार्यालयों और रेलवे परिसरों को साफ-सुथरा बनाने के लिए विभिन्न स्वच्छता गतिविधियाँ शुरू की हैं।





### दूसरे दिन स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया

दूसरे दिन यानी 2 अक्टूबर, 2024 को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई और स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। लगभग 10,000 प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ 128 स्थानों पर श्रमदान गतिविधियाँ आयोजित की गईं। गैर सरकारी संगठनों, सेवाभावी संस्थानों, स्काउट्स और गाइड्स और यूनियनों को शामिल करके रेलवे स्टेशनों और रेलवे कॉलोनियों की सफाई और रखरखाव के बारे में 31 सेमिनार आयोजित किए गए। बायो-टॉयलेट के लाभ और उचित उपयोग के बारे में बताने के लिए बायो-टॉयलेट जागरूकता अभियान भी शुरू किए गए। सुधार के विषयों की पहचान करने में मदद के लिए स्टेशनों और ट्रेनों में सफाई के बारे में यात्रियों से फीडबैक भी लिया गया।

### पहले दिन 17,000 से अधिक प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई




पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभियान के पहले तीन दिन स्वच्छता जागरूकता, महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस और स्वच्छ स्टेशन जैसी थीम पर आधारित रहे। पश्चिम रेलवे पर स्वच्छता पखवाड़े के पहले दिन 17,000 से अधिक प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जागरूकता पैदा करने के लिए 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' के नारे के साथ पश्चिम रेलवे पर 86 स्वच्छ रथ/प्रभात फेरी निकाली गईं। स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मंडल कार्यालयों और स्टेशनों पर सेल्फी बूथ स्थापित करने के अलावा नुक्कड़ नाटक, कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### तीसरे दिन 'स्वच्छ स्टेशन' थीम पर ध्यान केंद्रित

स्वच्छता पखवाड़े के तीसरे दिन यानी 3 अक्टूबर, 2024 को 'स्वच्छ स्टेशन' थीम पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें 268 प्रमुख स्टेशनों पर गहन सफाई अभियान चलाया गया। 52 स्टेशनों पर 1000 से अधिक डस्टबिन उपलब्ध कराए गए, इसके अलावा 23 स्टेशनों पर कचरे को अलग-अलग तरीके से इकट्ठा करने के लिए 3-प्रकार के अलग-अलग डस्टबिन उपलब्ध कराए गए। स्टेशनों पर नालियों और शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। स्टेशनों पर सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया, एप्रोच रोड, एफओबी, लिफ्ट, पैसेंजर वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम और अन्य रेलवे परिसरों में भी सफाई गतिविधियाँ की गईं। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों द्वारा हाइड्रेंट पाइपों का निरीक्षण किया गया और इस दौरान मिले हर लीकेज को तुरंत ठीक किया गया।

# राज्य में गैर कृषि टैक्स को माफ करने की मंजूरी



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

राज्य के गैर कृषि टैक्स को पूरी तरह से माफ करने को राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। इससे राज्य के शहरी इलाकों के बहुमंजिला इमारतों की जमीन का संपूर्ण गैर कृषि टैक्स माफ हो जाएगा। राज्य में गैर कृषि टैक्स वसूली से जनता पर आर्थिक बोझ पड़ रहा था। इसके मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। फिलहाल गांवों के जमीन के लिए गैर कृषि टैक्स स्थायी रूप से माफ है। मगर गांवों के बाहर आवासीय घरों की संख्या बढ़ रही है और शहरी इलाकों में भी बहुमंजिला इमारतों के निर्माण में इजाफा हो रहा है। इसलिए ऐसी इमारतों की जमीन का संपूर्ण गैर कृषि टैक्स माफ करने का फैसला लिया है।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### वृक्ष प्राधिकरण
### - सार्वजनिक सूचना-

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (1 जनवरी 2019 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में **परिमंडल-I** के अंदर डी विभाग से **01** प्रस्ताव, **परिमंडल -II** के अंदर एफ/पूर्व विभाग से **02** प्रस्ताव, एफ/ दक्षिण विभाग से **01** प्रस्ताव यानी कुल **04** प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी का वृक्ष प्राधिकरण/ मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के https://mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-वृक्ष प्राधिकरण--सार्वजनिक सूचना **7 दिन ---294-7 दिन - जोन-I, II** पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई **15/10/2024** के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को **4.30 से 5.00 बजे** के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी,**
वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
टेली नं -23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

**हस्ता.**
**उद्यान अधीक्षक**
**व वृक्ष प्राधिकरण**

**पीआरओ/1539/विज्ञा./2024-25**

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(हाइड्रोलिक अभियंता विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| ई-निविदा सूचना | | |
|---|---|---|
| **विभाग** | | हाइड्रोलिक अभियंता |
| **उप विभाग** | | उप.हाइड्रोलिक अभियंता(एम एंड ई) भांडुप कॉम्प्लेक्स |
| **बोली आमंत्रण नं.** | | 2024_एमसीजीजी_1102793_1 |
| **विषय** | | 900 एमएलडी डब्ल्यूटीपी भांडुप कॉम्प्लेक्स में स्लज रिसर्कुलेशन एरिया (एसआरए) के लिए स्लज ट्रेलरों का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और कमीशनिंग। |
| **बोली की बिक्री** | | दिनांकः 05/10/24 को 11.00 बजे से |
| | | दिनांकः 21/10/24 को 04.00 बजे तक |
| **वेबसाइट** | | http.//portal.mcgm.gov.in & https://mahatenders.gov.in |
| **संपर्क अधिकारी** | | सहायक अभियंता (900 एमएलडी डब्लूटीपी) बी.सी. |
| अ) | नाम | श्री.एस.पी. राउत |
| ब) | टेलीफोन | 022-25658593/022-25658634 |
| स) | मोबाइल नंबर | 9930260450 |
| द) | ईमेल आईडी | eetcwbc.he@mcgm.gov.in/aesrab.he@mcgm.gov.in |

निविदा दस्तावेज महाटेंडर की वेबसाइट (https://mahatender.gov.in) से 'निविदाएं' अनुभाग के अंतर्गत डाउनलोड किया जा सकता है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका के नगर आयुक्त के आदेश से**

**हस्ता./**
**ई.ई. (900 एमएलडी डब्लूटी पी)**
**भांडुप कॉम्प्लेक्स**

**पीआरओ/1522/विज्ञा./2024-25**

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

# जैन- बारी-तेली समाज के लिए बनेगा महामंडल



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश की शिंदे-फडणवीस-अजित सरकार समाज के अलग-अलग तबके को खुश करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। राज्य में अब जैन, बारी, तेली, हिंदू-खाटिक, लोणारी समाज के लिए आर्थिक विकास महामंडल स्थापित किया जाए। शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मंत्रालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लगभग 32 फैसले को स्वीकृति प्रदान की गई। सरकार के मुताबिक जैन समेत विभिन्न समुदायों के सामाजिक और आर्थिक उन्नति और युवाओं को शैक्षणिक लाभ के लिए महामंडल के लिए प्रदान किया जाएगा। जैन समाज के लिए जैन समाज आर्थिक विकास महामंडल स्थापित किया जाएगा। जैन समाज के महामंडल के कामों के लिए 15 पदों को मंजूर किया गया है। इसके अलावा बारी समाज के लिए संत श्री रुपलाल महाराज आर्थिक विकास महामंडल (उपकंपनी) बनाई जाएगी। वहीं तेली, हिंदू-खाटिक और लोणारी समाज के लिए आर्थिक विकास महामंडल स्थापित करने का फैसला लिया गया है।

ठाणे महानगरपालिका | THANE RING METRO | महाराष्ट्र शासन | एम एम आर डी ए MMRDA | CIDCO | MMRC



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री

# महाराष्ट्र के लिए ₹ 33,000 करोड़ के गतिमान विकास की सौगात

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा

## महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का भूमिपूजन, शुभारंभ और लाभ वितरण समारोह



### महाराष्ट्र की पहली भूमिगत मेट्रो ट्रेन का सपना होगा साकार

**कोलाबा-बांद्रा-सीप्झ मेट्रो का उद्घाटन मुंबई मेट्रो लाइन 3 - चरण एक (आरे-जेवीएलआर से बीकेसी)**

- प्रतिदिन लगभग 17 लाख यात्रियों का आवागमन
- आरे -जेवीएलआर और बीकेसी के बीच 12.69 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन
- कुल स्टेशन- 10 (9 भूमिगत + 1 जमिनी स्तरपर)



### यात्रा में परीवर्तन, भविष्य को आयाम

**ठाणे इंटिग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना का भूमिपूजन**

- अखंड संयोजकता और यातायात के समय में बचत होगी
- कुल लंबाई: 29 किमी
- आधुनिक और सुसज्जित 22 स्टेशन

### मुंबई के सफर मे... होगी बचत इंधन और समय मे

**छेड़ा नगर, घाटकोपर से आनंद नगर, ठाणे तक एलिवेटेड ईस्टर्न फ्री वे का विस्तारीकरण**

- दक्षिण मुंबई-ठाणे के बीच यात्रा में तेजी
- छेड़ा नगर से आनंद नगर, ठाणे तक 13.40 किलोमीटर एलिवेटेड कॉरिडोर
- यह ठाणे, नवी मुंबई और पूर्वी उपनगरों को दक्षिण मुंबई से जोड़ने में मदद करेगा



### आधुनिक शहर का निर्माण, बनेगा देश का अभिमान

**नैना शहरी नियोजन योजनाओं के तहत बुनियादी ढांचे के कार्यों का शिलान्यास**

- विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त विकसित शहर
- परियोजना के प्रथम चरण अंतर्गत 42 स्क्वे. कि.मी. क्षेत्र का विकास
- इसमें 9 फ्लाईओवर, 12 छोटे पुल, 26 पैदल यात्री अंडरपास, 1 वाहन अंडरपास और 17.59 किमी की सड़कें शामिल हैं





### प्रशस्त इमारत करेगी नागरिकोंका स्वागत

**ठाणे नगर निगम की नई बिल्डिंग का भूमिपूजन**

- सभी कार्यालय एक ही भवन में होने से नागरिकों को सुविधा मिलेगी
- किले के डिजाइन से प्रेरित बिल्डिंग संरचना
- यह प्रशासनिक कार्यालय इमारत 32 मंजिलों की होगी और महासभा की इमारत 5 मंजिलों की होगी



### सक्षम नारी... प्राथमिकता हमारी

**मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना के लाभार्थियों का गौरव**

- महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को मिली गति
- महिला लाभार्थियों को लाभ का प्रातिनिधिक वितरण
- अब तक 1.96 करोड़ से अधिक बहनों को लाभ वितरित

शनिवार 5 अक्तूबर 2024
दोपहर 1:00 बजे
बोरीवडे ग्राउंड, घोड़बंदर रोड, ठाणे



DGIPR-2024-25/3964

सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय, महाराष्ट्र सरकार | /MahaDGIPR | mahasamvad.in | MAHARASHTRADGIPR | सीधा प्रसारण DD NEWS

संपादकीय

# जेल में जातीय ज़हर

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने के लिये सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत प्रभाव से जेल मैन्युअल में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है। कोर्ट ने कहा कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल, एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि स्पष्ट है जेल नियमावली साफ तौर पर भेदभाव करती है। साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी डिटेल्स का उल्लेख असंवैधानिक है। कोर्ट ने खरी-खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। छह महीने के भीतर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि पत्रकार सुकन्या ने वर्ष 2020 में एक शोध रिपोर्ट तैयार की थी। जिसमें तीन मुख्य राज्यों का उदाहरण दिया गया था। जिसमें राजस्थान का उल्लेख किया गया था कि यदि कैदी नाई है तो उसे बाल व दाढ़ी बनाने का काम मिलेगा, ब्राह्मण कैदी को खाना बनाने का काम मिलेगा और वाल्मीकि कैदी को सफाई का काम दिया जाता था। वहीं उत्तर प्रदेश के जेल मैन्युअल 1941 में जातिगत पूर्वाग्रहों को बनाये रखने वाले प्रावधानों का उल्लेख पाया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इस मामले में दस महीने के भीतर ही सुनवाई पूरी कर ली थी। यहां तक कि दस जुलाई को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की जेल नियमावली के कुछ प्रावधानों को अदालत में पढ़ा और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगायी। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल की जेल नियमावली को पढ़ते हुए कहा कि ये नियम बेहद तकलीफदेह हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने भी फरवरी में एक नोटिस जारी करके कहा था कि ये भेदभाव गैरकानूनी है। साथ ही कहा कि जेल मैन्युअल कैदियों को धर्म व जाति के आधार पर बांटते हैं। उसी आधार पर काम बांटते हैं। साथ ही राज्यों व केंद्र सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि उनके राज्यों में जेल के नियमों में किसी तरह का भेदभावपूर्ण प्रावधान न हो। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों को कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करने को कहा गया था। साथ ही यह भी कि प्रत्यक्ष व परोक्ष भेदभावपूर्ण व्यवहार से कैदियों में कटुता पैदा होगी। शीर्ष अदालत ने इस भेदभाव को औपनिवेशिक शासन की विरासत बताते हुए तुरंत खत्म करने को कहा क्योंकि हर कैदी भी गरिमा से जीवन जीने का अधिकार रखता है।

# राजनीति से मुक्त हों विज्ञान पुरस्कार

दिनेश सी. शर्मा

एक साहसिक और विरला कदम उठाते हुए, 175 वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों ने देश में विज्ञान के क्षेत्र में दिए जाने वाले सम्मान – राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार – के राजनीतिकरण पर निराशा व्यक्त की है। इस पुरस्कार की स्थापना पिछले साल केंद्र सरकार ने की थी। कुछ सप्ताह पहले, प्रथम पारितोषिक समारोह में राष्ट्रपति द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाने के तुरंत बाद चयन प्रक्रिया में राजनीतिक हस्तक्षेप की सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। हुआ यह कि चयन समिति द्वारा भेजे गए तीन वैज्ञानिकों के नाम पुरस्कार विजेताओं की अंतिम सूची से गायब थे। जबकि समिति के कुछ सदस्यों ने अनौपचारिक रूप से उन्हें यह खबर बता दी थी। लेकिन बाद में उनको करारा झटका लगा। आशंका जताई गई कि उक्त विचाराधीन वैज्ञानिकों को उनके राजनीतिक विचारों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनके रुख के कारण राष्ट्रीय सम्मान से वंचित किया गया।

एतराज का पहला संकेत शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्राप्त 26 विजेताओं ने जताया था, जब उन्होंने प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) और राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार समिति के प्रमुख अजय सूद को पत्र लिखकर जानना चाहा कि क्या पैनल की सिफारिशें ज्यों की त्यों स्वीकार की गईं या फिर सरकार ने संशोधन किया है और उन्होंने पीएसए से अंतिम निर्णय पर पहुंचने में अपनाए गए मानदंडों का खुलासा करने का अनुरोध किया। यह मामला सार्वजनिक होने के बाद, सरकार ने चयन प्रक्रिया में ही बदलाव कर दिया, जिसके चलते 175 वैज्ञानिकों ने विरोध पत्र जारी किया। वैज्ञानिकों ने 24 सितंबर को पीएसए को लिखे पत्र में कहा : 'सरकार ने चयन मानदंडों में किया गया बदलाव अपने पोर्टल पर दर्शाया है और पुरस्कार समारोह से महज चंद दिन पहले अपलोड किए गए नए प्रारूप में एक नई लाइन जोड़ी गई है कि अब आपकी अध्यक्षता वाली चयन समिति अपनी सिफारिशें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री को सौंपेगी'।

चयन प्रक्रिया में किया गया यह बदलाव राजनेताओं द्वारा चयन समिति का निर्णय खारिज करने या बदलने का मार्ग प्रशस्त करता है –जबकि यह समिति व्यावहारिक रूप से भारतीय वैज्ञानिक समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। समिति में वैज्ञानिक अकादमियों के अध्यक्षों के अलावा वैज्ञानिक विभागों के सचिव भी सदस्य हैं। वैज्ञानिक समुदाय को इसका आभास पहले ही हो गया था। सर्वप्रथम तो गृह मंत्रालय द्वारा समूचे वैज्ञानिक विभागों की बागडोर अपने हाथ में लेना और दर्जनों पुरस्कारों को समाप्त करना बेतुका था, जिसमें 1950 के दशक में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और अन्य स्वायत्त विज्ञान अकादमियों द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार शामिल थे। श्रेष्ठ वैज्ञानिक कार्य को मान्यता देने को स्थापित किए गए पुरस्कारों और निष्पक्ष तरीकों को समाप्त करना तथा उनकी जगह एक नया सरकारी पुरस्कार शुरू करना, जिसमें कोई नकद राशि नहीं है,



एक कठोर झटका है। तिस पर, नई पुरस्कार प्रक्रिया विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रही है। अंतिम निर्णय एक राजनीतिक पदाधिकारी पर छोड़ने का मतलब है कि पुरस्कार विजेताओं के चयन में गैर-शैक्षणिक विचारों की भूमिका रहेगी।

पुरस्कारों से इतर, यह प्रसंग भारत में अकादमिक स्वतंत्रता और विज्ञान क्षेत्र के परिचालन के बारे में अहम सवाल उठाता है। प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने पत्र लिखकर पुरस्कार प्रकरण को 'भारतीय विज्ञान के लिए एक अस्वस्थ घटना' ठहराकर सही किया है। वैज्ञानिकों को चिंता है कि यह होने पर मंत्रियों द्वारा 'अबाध वीटो' का उपयोग करते हुए विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशों को दरकिनार करने वाला चलन कायम हो जाएगा। पत्र में यह आशंका भी जताई गई है कि सरकार को न सुहाने वाले शिक्षाविदों को न केवल पुरस्कारों से बल्कि वैज्ञानिक अनुदान, भर्ती, पदोन्नति आदि से भी महरूम रखा जा सकता है। यह वैज्ञानिक कार्य पद्धति के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध है और वैज्ञानिक अनुसंधान के विकास के लिए अच्छा संकेत नहीं है। सामान्यतः अपेक्षा की जाती है कि विज्ञान की किसी शाखा विशेष में एक वैज्ञानिक द्वारा प्राप्त विशिष्ट उपलब्धि को मान्यता देने में निष्पक्षता बनी रहेगी। आमतौर पर यह काम समकक्षों द्वारा की गई समीक्षा के माध्यम से किया जाता है। शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार– जिसे अब बंद किया जा चुका है – वह सर्वोच्च सम्मान था जोकि भारतीय विज्ञान जगत की विविध धाराओं में सबसे बढ़िया कर दिखाने वाले को पारितोषिक मान्यता प्रदान करता था। पुरस्कार विजेताओं की इस सूची का मतलब है- पिछले कई दशकों में भारत के चोटी के साईंसदान। जिन्हें यह पुरस्कार मिला, उन्होंने आगे चलकर अपने-अपने संस्थान का नेतृत्व किया, नए संस्थान स्थापित किए, फंड देने वाली एजेंसियों और विज्ञान विभागों की अगुवाई भी की। यदि अपनी स्थापना के पहले ही साल में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की चयन प्रक्रिया पर इस प्रकार सवाल खड़े हो गये तो क्या यह लंबे तक कायम रही भटनागर पुरस्कार की विरासत को आगे बढ़ा पाएगा। यह प्रकरण पिछले कुछ वर्षों में पीएसए की भूमिका में निरंतर क्षरण को भी उजागर करता है। भले ही इस पद का सृजन 1999 में हुआ हो, लेकिन आजादी के बाद से ही भारत में विज्ञान संबंधी नीतियों पर परामर्श देने के लिए एक तंत्र रहा है, जिसकी शुरुआत 1950 के दशक में वैज्ञानिक कार्यों के समन्वय के लिए राष्ट्रीय समिति बनाने से हुई थी। आगे चलकर, सरकार, मंत्रिमंडल और प्रधान मंत्री के लिए वैज्ञानिक सलाहकार समितियां बनीं। इस परामर्श तंत्र के परिणामस्वरूप वैज्ञानिक विभागों की स्थापना और पुनर्गठन, नए विज्ञान मंत्रालयों का निर्माण, अनुसंधान संस्थान और शैक्षणिक निकायों के साथ-साथ कई राष्ट्रीय नीतियों और कार्यक्रमों का विकास हुआ। एक स्वतंत्र विज्ञान परामर्श प्रणाली ने विज्ञान और नीति के बीच समन्वय और नए विचारों के समाशोधन गृह के रूप में कार्य किया है। पीएसए पर जो एक अन्य जिम्मेदारी लाद रखी है वह है सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों की डिजिटल सूची बनाना और ऐसी प्रौद्योगिकियों के लिए एक ई-मार्केट प्लेस बनाना ताकि सरकारी संगठन और निजी क्षेत्र को उनकी खरीद की सहूलियत हो। इस किस्म के रूटीन के काम अन्य एजेंसियों और विभागों द्वारा भी बखूबी संभाले जा सकते हैं। पीएसए कार्यालय को ऐसे कार्य सौंपने से सरकार को विज्ञान पर स्वतंत्र और स्वायत्त सलाह प्रदान करने के उसके प्राथमिक कार्य का क्षरण होता है।

जीवन मंत्र

# कुएं में फंसा चांद

ओशो कहते हैं, 'सत्य यह है कि मनुष्य कभी फंसा ही नहीं है। वह जो हमारे भीतर है, निरंतर मुक्त है। वह किसी बंधन में कभी नहीं हुआ है। लेकिन उसकी परछाईं फंस गई है।

क्या कभी चांद कुएं में फंस सकता है? यह सुनकर हंसी आती है, लेकिन अपनी जिंदगी में हम इसी तरह व्यवहार करते हैं। जब भी कोई परेशानी आती है, हमें लगता है, जैसे चांद कुएं में उतरकर फंस गया हो। फिर हम बहुत दिमाग लड़ाते हैं, किताबें पढ़ते हैं, योग-तपस्या करते हैं, ताकि चांद को वहां से निकाल सकें। ओशो एक कहानी कहते हैं कि चांदनी रात में एक पागल आदमी सुनसान रास्ते से गुजर रहा था। वह एक वृक्ष के पास रुका। वृक्ष के पास ही एक बड़ा-सा कुआं था। उस पागल आदमी ने कुएं में झांककर देखा, तो उसमें उसे चांद का प्रतिबिंब दिख रहा था। उसने सोचा, बेचारा चांद कुएं में कैसे गिर पड़ा! अब क्या करूं? कैसे मैं इसको बचाऊं? आस-पास काफी खोज-बीनकर वह एक रस्सी ले आया, कुएं में उस रस्सी को फेंक फंदा बनाया, चांद को फंसाया। अब चांद तो क्या फंसता, एक चट्टान फंस गई! वह आदमी पूरी ताकत लगाकर रस्सी खींचने लगा। चट्टान बड़ी थी। आखिरकार फंदा टूट गया, चट्टान फिर कुएं में गिर गई, और वह आदमी भी धड़ाम से गिरा- चारों खाने चित। कराहते हुए उसने जब आंखें खोलीं और ऊपर देखा, तो



चांद आकाश में भागा चला जा रहा था! उसने राहत की सांस ली- चलो, बचा तो दिया बेचारे को। मुझे थोड़ी-बहुत चोट लगी तो लगी, मगर चांद तो मुक्त हो गया।

वह पागल जैसी बेवकूफी कर रहा था, वैसी ही बेवकूफी सामान्य आदमी करता है, जब वह सोचता है कि वह इस संसार में फंस गया है या दुखों से घिरा है। सभी बुद्ध पुरुषों का यही कहना है कि तुम चांद हो, कुएं में कैसे गिर सकते हो? मगर दुनिया इसी उलझन में पड़ी है, पागल की तरह, जिसका चांद कुएं में फंस गया था। ओशो कहते हैं, 'सत्य यह है कि मनुष्य कभी फंसा ही नहीं है। वह जो हमारे भीतर है, निरंतर मुक्त है। वह किसी बंधन में कभी नहीं हुआ है। लेकिन उसकी परछाईं फंस गई है। हम तो बाहर हैं, पर हमारी तस्वीर फंस गई है और हमें यह पता ही नहीं कि हम तस्वीर से ज्यादा भी हैं। हमें बस यही पता है कि हम अपनी तस्वीर हैं! यही मुश्किल हो गई है। हम सब अपनी तस्वीर को ही अपना होना समझे बैठे हैं!'

इसीलिए ध्यान करने का इतना आग्रह है। ध्यान दरअसल बहुत सुकून भरी अनुभूति है। सचमुच कोई ध्यान में गहरे जाए, तो लगता है कि गहरे कुएं में उतर रहे हों। उस कुएं में दिखने वाला चांद हम स्वयं हैं। आसमान के चांद को तो लोग सदियों से देखते रहे हैं, एक आसमान अंदर भी है और उसका अपना चांद भी है, जो हम ही हैं। स्वयं चांद होने का यह एहसास बहुत सुखद होता है। आप भी इसका अनुभव करिए।

प्रस्तुति : देवीलाल, बंशी बाजार

जीवन ऊर्जा


कृपालु महाराज : जन्म 5 अक्टूबर 1922

जन्म

# सच्ची खुशी भीतर है, बाहरी चीजों में नहीं

जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता थे, जो ईश्वरीय प्रेम और भक्ति पर अपनी शिक्षाओं के लिए जाने जाते थे। जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज का जन्म 5 अक्टूबर 1922 को हुआ था और उनका निधन 15 नवंबर 2013 को हुआ था। पांचवें मूल जगद्गुरु के रूप में पहचाने जाने वाले, उन्होंने ईश्वर के प्रति समर्पण, निस्वार्थ सेवा और आंतरिक परिवर्तन पर जोर दिया। उनकी शिक्षाएं लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं, दुनिया भर में आध्यात्मिक विकास और आत्म-साक्षात्कार को बढ़ावा देती हैं।

सच्ची खुशी भीतर है, बाहरी चीजों में नहीं। आपका मन आपका सबसे बड़ा दोस्त या सबसे बड़ा दुश्मन है। समझदारी से चुनें। दूसरों की निस्वार्थ सेवा करें, क्योंकि दूसरों की सेवा करने से आप ईश्वर की सेवा करते हैं। जितना अधिक आप ईश्वर के प्रति समर्पित होंगे, उतना ही अधिक आप दिव्य आनंद का अनुभव करेंगे। अपेक्षाओं को छोड़ दें; आसक्ति दुख की जड़ है। अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करें, और आप अपने जीवन को नियंत्रित करेंगे। शांति मन की एक अवस्था है, कोई स्थान या वस्तु नहीं। वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करें; यहीं पर वास्तव में जीवन है। आप शरीर नहीं हैं; आप आत्मा हैं। इस सत्य को समझें। ईश्वर में विश्वास सभी गुणों की नींव है। प्रतिदिन कृतज्ञता का अभ्यास करें, और आप चमत्कारों को घटित



होते देखेंगे। अपने विचारों को बदलें, और आप अपनी वास्तविकता को बदल देंगे। आध्यात्मिक ज्ञान सबसे बड़ी संपत्ति है जो किसी के पास हो सकती है। परिणाम से अलग हो जाएं, और यात्रा का आनंद लें। सच्चा प्यार बिना शर्त होता है; यह बदले में कुछ नहीं चाहता। ईश्वर के प्रति समर्पण करने से चिंता और बेचैनी से मुक्ति मिलती है। मानवता की सेवा करो, और तुम ईश्वर की सेवा करोगे। खुशी एक ऐसा विकल्प है जिसे तुम हर दिन चुनते हो। अपने भीतर के आत्म से जुड़ने के लिए नियमित रूप से ध्यान करो। आत्म-अनुशासन आध्यात्मिक सफलता की कुंजी है। आत्मा शाश्वत है, जन्म और मृत्यु से परे है। आंतरिक शांति विकसित करो, और तुम्हारे आस-पास की दुनिया बदल जाएगी। विनम्रता के साथ जियो, और तुम्हें सच्ची ताकत मिलेगी। दूसरों का न्याय मत करो; हर कोई अपनी यात्रा पर है। ईश्वर की यात्रा मानव जीवन का अंतिम उद्देश्य है।

शख्सियत | मधुमिता बिष्ट

# बैडमिंटन में अग्रणी और प्रेरणादायक कोच



मधुमिता बिष्ट भारत की सबसे सफल बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं, जो खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में खेल में अपने योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका जन्म 5 अक्टूबर, 1964 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था। बैडमिंटन में बिष्ट की यात्रा कम उम्र में ही शुरू हो गई थी, और वह अपने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प के साथ जल्दी ही प्रमुखता में आ गईं। उन्हें बैडमिंटन में भारतीय महिलाओं के लिए एक पथप्रदर्शक के रूप में मनाया जाता है, जो खिलाड़ियों की भावी पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करती हैं।

बिष्ट का करियर दो दशकों से अधिक समय तक चला, जिसके दौरान उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए। उनके पास भारतीय राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप एकल खिताब आठ बार जीतने का रिकॉर्ड है, जो किसी भी भारतीय महिला खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है। उन्होंने कोर्ट पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कई युगल और मिश्रित युगल खिताब भी जीते। उनकी सफलता अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र तक फैली, जहाँ उन्होंने एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक 1982 में नई दिल्ली में हुए एशियाई खेलों में उनका प्रदर्शन था, जहाँ उन्होंने महिला एकल में कांस्य पदक जीता था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 1998 में कुआलालंपुर में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। बिष्ट ने बार्सिलोना में 1992 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भी भाग लिया, इस स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक बनीं। उनके लचीलेपन और कौशल ने भारत को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में एक प्रतिस्पर्धी शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद की। प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से संन्यास लेने के बाद, मधुमिता बिष्ट ने कोचिंग की ओर रुख किया, जहाँ उन्होंने भारतीय बैडमिंटन में महत्वपूर्ण योगदान देना जारी रखा। उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है और अगली पीढ़ी के एथलीटों को पोषित करने के लिए अपने विशाल अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करते हुए एक संरक्षक के रूप में काम किया है। खेल के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें कई पुरस्कार दिलाए हैं, जिनमें 1982 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार और 2006 में पद्म श्री शामिल हैं, जिसने उन्हें भारत की अग्रणी खिलाड़ियों में से एक के रूप में मान्यता दी।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भाग्योदय का चिंतन करते रहें

(भाग 2)

व्यास जी ने कहा आज से पूर्व कभी आप मुझे काशी में दिखी नहीं। आप सिंधु से निकली लक्ष्मी की तरह दिख रही हैं। अथवा आप स्वयं काशी की अधिष्ठात्री देवी हैं अथवा आप स्वयं भवानी भवनाशिनी हैं उस स्त्री ने कहामैं एक साधारण स्त्री हूँ। अपने पति के साथ यहीं निवास करती हूँ। आपको प्रतिदिन भिक्षाटन करते देखती हूँ। सूर्यास्त से पूर्व मेरे घर आप भोजन ग्रहण करें।समय अल्प है।

व्यास जी ने कहा मैं अकेले भोजन नहीं करूंगा। अपने दश हजार शिष्यों के साथ भोजन करूँगा। क्या तुम्हारे यहां इतने लोगों को तृप्त करने भर क्षमता है। स्त्री ने कहा मेरे पति के कारण मेरे घर सब कुछ भरा हुआ है। व्यास जी ने सभी शिष्यों को शीघ्र ही बुला लिया। दरवाजे पर आवाज दी। सभी को पैर धुलाकर लोगों ने बैठाया और सुस्वादु भोजन कराया। भोजन के बाद सभी को चंदन की माला दी गयी और नये वस्त्र दिए गये। वृद्ध गृहपति मुनि को शिष्यों के साथ तृप्ति कारक भोजन से आह्लादित होते देखता रहा। चलते समय





व्यास जी ने गृहिणी को आशीर्वाद दिया। अकस्माद् वृद्ध गृहपति ने गृहिणी से कहा पूछोतीर्थ में वास करते समय कौन सा धर्म होता है ये जो बतलायेंगे उसे ही हम जीवन में अपनायेंगे।

व्यासजी ने कहातीर्थ में रहते हुये अनुद्वेग कारक वचन बोलना चाहिये। दूसरे के उत्कर्ष को सहना चाहिये।

सुविचार पूर्वक बोलना चाहिए और भाग्योदय का चिंतन करते रहना चाहिये

अनुद्वेगकरं वाक्यं परोत्कर्ष-सहिष्णुता ।

**विचारकारितानित्यं**

**्वधिष्णयोदयचिन्तनम् ।। ९६/१७९**

वृद्ध गृहपति ने पूछा हे विद्वान इनमें से कितने धर्मगुण आप में निहित हैं?

इतना सुनते ही व्यास जी स्थगित से हो गये। वे कुछ बोल ही नहीं पाये।

पुनः वृद्ध गृहपति ने कहा- आप में ही दया,धर्म है। काम क्रोध का निग्रह है। आप में ही सभी संभावनायें हैं। आप ही अनुद्वेग कर बोलना जानते हैं। आपमें ही परउत्कर्ष सहिष्णुता है। विचार पूर्वक बोलने के तो आप महान आलय हैं। उदय के कारण के चिंतक आप जैसा कौन है हे विद्वान। काशी को शाप देकर आपने किस स्वार्थ की सिद्धि प्राप्त कर ली और यह किसके दुर्भाग्य का कारण बनाइसमें प्रत्यक्ष दोष किसका रहायदि प्रत्यक्ष कारण के बिना शाप दिया जाए तो परिणाम क्या होता है । व्यास जी ने कहावह शाप शाप देने वाले को ही प्राप्त होता है। वृद्ध ने कहा। यदि आपको भ्रमण काल में भिक्षा नहीं मिली तो इसमें क्षेत्रमें रहने वालोंका दोष कैसे सिद्ध हुआ। सुनो तपस्वी मेरी इस राजधानी की ऋद्धि को जो नहीं देख पाता वही शाप देता है। अकारण क्रोध करने वाले मुनि तुम मेरे इस क्षेत्र में नहीं रह सकोगे।इसी क्षण मेरे इस क्षेत्र से अविलम्ब तुम बाहर चले जाओ।अकारण दिया हुआ शाप तुम्हारे ऊपर ही काम करेगा।मेरा यह मुक्ति दाता क्षेत्र तुम्हारे जैसे लोगों के लिए नहीं है।जो मेरे क्षेत्र के लोगों के प्रति दुष्टता करता है उसकी परिणति घोर पिशाच की ही होती है। व्यास जी सब कुछ समझ चुके थे।उनका शरीर थर थर कांप रहा था।जिह्वा शुष्क हो गयी थी। वे भगवती के चरणों में गिर पड़े और आर्त्त स्वर में बोल पड़े।

शरणागतं च सन् त्राहि रक्ष मां शरणागतम्।

बहूनामागसां गेहमस्माकं दुष्टमानसम।।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# दूसरों का सुनना

दो मेंढक गहरे दोस्त थे। एक दिन वो दोनों भोजन की तलाश में जंगल में भटक रहे थे। घूमते-घूमते इनमें से एक अचानक गहरे गड्ढे में गिर गया। उसे बचाने की कोशिश में दूसरा मेंढक भी उसी गड्ढे में जा गिरा। कुछ देर बाद इस गड्ढे के आसपास कई जीव जंतु एकत्र हो गए, लेकिन उन्हें बचाने का प्रयास करने के बजाए सभी अपनी-अपनी सलाह देने लगे। कोई कहता, उस पत्थर पर छलांग लगाओ तो कोई कहता- उस डाल पर चढ़ जाओ। इन दोनों मेंढकों में से एक तो उनकी सलाह मानते हुए वैसा ही कर रहा था जैसा वे कह रहे थे। दूसरा मेंढक दूसरों की सुने बिना अपनी कोशिशें जारी रखे था। कुछ ही देर में यह मेंढक जैसे-तैसे गड्ढे से बाहर निकल आने में कामयाब हो गया। गड्ढे से बाहर निकलते ही वह किसी से कुछ भी कहे बिना जंगल की ओर दौड़ पड़ा। यह देखकर वहां मौजूद दूसरे जीव-जंतु उसके बारे में तरह-तरह की बातें करने लगे। वहीं , दूसरों की सलाह मानकर कई कोशिशें करने वाला मेंढक गड्ढे से बाहर नहीं निकल पाया और थक हारकर उसी गड्ढे में एक ओर बैठ गया। थोड़ी ही देर बाद वह दूसरा मेंढक फिर से लौटा। इस बार उसके पास रस्सी जैसी चीज थी। उसने इसे गड्ढे में डाल दिया। उस रस्सीनुमा चीज को देखते ही गड्ढे में बैठे थके-हारे मेंढक में भी जान आ गई और रस्सी के सहारे वह भी गड्ढे से बाहर आ गया। जब दोनों मेंढक बाहर आ गए तब बाहर खड़े जीव जंतुओं ने सवाल करने शुरू कर दिए। लेकिन किसी के सवालों का जवाब दिए बिना वह मेंढक फिर से भोजन की तलाश में जुट गया। दूसरे जीवों ने पहले मेंढक से पूछा कि आखिर वो हमारे सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहा। इस पर मेंढक ने कहा कि- वो मेंढक बहरा है। उसे कुछ सुनाई नहीं देता। जो दूसरों की बातें सुनकर और मानकर अपने निर्णय बदलते रहते हैं या अपने निर्णय पर कायम नहीं रह पाते वे कभी भी अपनी मुश्किलों से पार नहीं पा सकते। वहीं, जो लोग अपने निर्णय पर अडिग रहते हैं वे अपनी मुश्किलों से तो छुटकारा पाते ही हैं, बल्कि मुश्किल में फंसे दूसरे लोगों की मदद भी करने में सक्षम हो जाते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

दो बजे **दोपहर** पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**अनमोल विचार** जीवन का उद्देश्य सत्य की प्राप्ति है : एलेन डेनियलो

# शरद पवार ने की मराठा रिजर्वेशन की वकालत

## आरक्षण पर 50% की सीमा हटाए केंद्र सरकार: शरद पवार

दोपहर संवाददाता । मुंबई\सांगली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (BJP) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मौजूदा सीमा 50 प्रतिशत से अधिक करने के लिए संवैधानिक संशोधन लेकर आने की अपील की। पवार ने सांगली में पत्रकारों से कहा कि आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे मराठाओं को आरक्षण देकर इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि इस तरह के कदम से अन्य समुदायों के लिए निर्धारित आरक्षण की सीमा में कोई व्यवधान नहीं पड़े।



**केंद्र को आगे बढ़कर आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए लाना चाहिए संविधान संशोधन**

### महाराष्ट्र में 75 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं?

शरद पवार ने कहा कि वर्तमान आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत है। लेकिन अगर तमिलनाडु (कई समुदायों के लिए आरक्षण) 78 प्रतिशत कर सकता है तो महाराष्ट्र में 75 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र को आगे बढ़कर आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम संशोधन का समर्थन करेंगे।

### एमवीए सीट बंटवारे पर क्या?

एक अन्य सवाल पर पवार ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेताओं के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अगले सप्ताह भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं नेताओं को यही सलाह दूंगा कि वे जल्द से जल्द बातचीत पूरी कर लें ताकि हम बदलाव चाहने वाले लोगों तक पहुंच सकें। एमवीए के सहयोगी दल एनसीपी (एसपी), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने हालिया लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ा था और बेहतर प्रदर्शन किया था। एमवीए गठबंधन ने राज्य में 48 में से 30 सीटों पर जीत दर्ज की। महाराष्ट्र में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

### लोग सरकार में बदलाव लाने को लेकर सकारात्मक

पवार ने कहा कि लोग सरकार में बदलाव लाने को लेकर सकारात्मक हैं और एमवीए उनकी इन भावनाओं का सम्मान करता है। राकांपा (शरद पवार) के प्रमुख ने मराठी को ''शास्त्रीय भाषा'' का दर्जा दिए जाने के फैसले का स्वागत किया और इसके लिए केंद्र सरकार को बधाई दी। हालांकि, पवार ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को मराठी सीखने वाले छात्रों की घटती संख्या और राज्य में मराठी भाषा के स्कूलों के बंद होने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इन पहलुओं पर चर्चा और इस मुद्दे को हल करने का तरीका खोजने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार लोकलुभावन योजनाओं की बौछार कर रही है, वहीं वह अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्धारित धन को दूसरी जगह लगा रही है।

### बदलापुर जैसे मामलों को लेकर राज्य में लोगों के बीच आक्रोश

पवार ने कहा कि सांगली कैंसर अस्पताल को चार करोड़ रुपये से ज्यादा सरकारी सहायता बकाया है। पूरे राज्य में कैंसर अस्पतालों को 700 करोड़ रुपये सरकारी सहायता बकाया है। मुझे बताया गया कि चूंकि धन को लोकलुभावन योजनाओं में लगाना था, इसलिए प्रशासन असहाय है। अगर चिकित्सा क्षेत्र में यह स्थिति है, तो अन्य क्षेत्रों के बारे में क्या कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बदलापुर जैसे मामलों को लेकर राज्य में लोगों के बीच आक्रोश है। बदलापुर में एक स्कूल में अनुबंध पर कार्यरत एक सफाईकर्मी ने स्कूल परिसर में दो छोटी बच्चियों का कथित रूप से यौन उत्पीड़न किया था, हालांकि बाद में वह पुलिस के साथ कथित गोलीबारी में मारा गया।

### लाडकी बहिन योजना पर क्या बोले?

उन्होंने कहा कि लोगों का मानना है कि महिलाओं को वित्तीय सहायता तो दी जा रही है लेकिन उनकी रक्षा और सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कि महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली लाडकी बहिन योजना अन्य क्षेत्रों में सब्सिडी के समय पर भुगतान को प्रभावित कर सकती है, इस पर पवार ने कहा कि यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऐसी योजनाओं को रेवड़ी संस्कृति कहा है जिसे रोकने की जरूरत है।

### सड़कों में सुधार हुआ

गडकरी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि गडकरी का विकास के प्रति रचनात्मक और गैर-राजनीतिक दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता के कार्यकाल के दौरान सड़कों में सुधार हुआ है।

## राहुल गांधी का कोल्हापुर दौरा रद्द, अब शनिवार को पहुंचेंगे

**मुंबई/कोल्हापुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आज का कोल्हापुर दौरा उनके विमान में अचानक गड़बड़ी आ जाने की वजह से निरस्त हो गया है। राहुल गांधी अब शनिवार को सुबह 10 बजे कोल्हापुर का दौरा करेंगे। गांधी कस्बा बावड़ा के भगवा चौक पर स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सतेज पाटिल ने बताया कि राहुल गांधी के विमान में अचानक गड़बड़ी आ गई थी। इसी वजह से उनका विमान उड़ान नहीं भर सका। इसलिए उनका कोल्हापुर में आज का दौरा स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी शनिवार को सुबह नौ बजे कोल्हापुर पहुंचेंगे और सुबह 10 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। पाटिल ने बताया कि कोल्हापुर में राहुल गांधी के कार्यक्रम की जोरदार तैयारी की गई हैं।



## पश्चिम रेलवे के गोरेगांव एवं कांदिवली स्टेशनों के बीच मध्यरात्रि के दौरान मेजर ब्लॉक

दोपहर संवाददाता । मुंबई

गोरेगांव एवं कांदिवली स्टेशनों के बीच छठी लाइन के निर्माण कार्य के कारण शनिवार और रविवार यानी 5/6 अक्टूबर, 2024 की मध्यरात्रि में गोरेगांव एवं कांदिवली के बीच 5वीं लाइन पर 23:00 बजे से 09:00 बजे तक 10 घंटे का तथा कांदिवली एवं गोरेगांव के बीच अप फास्ट लाइनों पर 23:00 बजे से 03:30 बजे तक 4:30 घंटे का एक मेजर ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान बोरीवली से अंधेरी तक अप फास्ट लाइन की सभी लोकल ट्रेनें अप/स्लो लाइन पर चलेंगी। इस ब्लॉक के कारण कुछ उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित होंगी तथा ब्लॉक अवधि के दौरान उन्हें निरस्त/शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा।



### फास्ट लोकल बोरीवली में शॉर्ट टर्मिनेट होगी

ब्लॉक के दौरान 5 अक्टूबर, 2024 को विरार से 22 :44 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 94078 विरार–अंधेरी फास्ट लोकल बोरीवली में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 5 अक्टूबर, 2024 को अंधेरी से 23 :55 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 94079 अंधेरी–भायंदर फास्ट लोकल बोरीवली से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। 6 अक्टूबर, 2024 को बोरीवली से 04 :42 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 92001 बोरीवली–विरार लोकल 05 :10 बजे प्रस्थान करेगी। 6 अक्टूबर, 2024 को बोरीवली से 03 :50 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 90004 बोरीवली–चर्चगेट लोकल 04 :05 बजे प्रस्थान करेगी। पांचवी लाइन की सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें अंधेरी से बोरीवली तक डाउन फास्ट लाइन पर चलेंगी।


**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल-मुंबई-400 008.

**कार्य-मुंबई मंडल पर विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन.**

नीलामी सूची क्रमांक. एमएमसीटी-एडीवीटीएम24-19 नीलामी शुरू (सभी लॉट) 15-10-24, 14:00:00

| अ.क्र. | लॉट नंबर | स्थान / क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एमएसएस-बीसीटी-एनएसपी-मेडस्टेशन-46-24-1(विविध-स्थिर-सेवाएं - स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएं) | नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना। | 1826 | 15-10-24 14:30:00 |
| 2 | एमएसएस-बीसीटी-एमआरयू-मेडस्टेशन-45-24-1(विविध-स्थिर-सेवाएं स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएं) | माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्षों की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना। | 1826 | 15-10-24 14:40:00 |

**नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण वहां उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध है। **0589**

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on : X.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

**बिजली का काम**

सीनियर डीईई/पी/मुंबई सेंट्रल, मुंबई ई-निविदा संख्या ईएल 81-42-149-डब्ल्यूए-25 दिनांक 24/09/20 आमंत्रित करता है. कार्य एवं स्थान नंदुरबार:संबद्ध रखरखाव सुविधाओं के साथ एआरटी/एआरएमई साइडिंग के प्रावधान के संबंध में विद्युत (पावर) कार्य.कार्य की अनुमानित लागत: 81,55,003.00. बोली सुरक्षा ईएमडी की लागत: 1,63,100. जमा करने की तिथि और समय: 25.10.2024, 15:00 बजे तक. खुलने की तिथि और समय: 25.10.2024 को 15:30 बजे.

नोट:- अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं. **0590**

Like us on: facebook.com/WesternRly



# मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

**(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)**

म्हाडा MHADA

**टेली.नं.-022-66405250, ई-मेल : eee. east1@gmail.com**

**ई-निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं.536,4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदारों की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिए बी 1 प्रपत्र (प्रतिशत) में 08 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल http:/mahatenders.gov. in पर उपलब्ध है और यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते है। निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि 07/10/2024 को सुबह 10.00 बजे है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 14/10/2024 को शाम 6.15 बजे तक है। शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Follow us:@mhadaofficial सीपीआरओ/ए/899

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण



# मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

**(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)**

म्हाडा MHADA

**टेली. नं.022-66405432, ई-मेल -eewest.msib@mhada. gov.in**

**ई- निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं.537,4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051 फोन नंबर (022) 66405432 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से डीडीआर- III से पंजीकृत लेबर कॉपोरेटिव सोसायटी पश्चिम उपनगर, मुंबई से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिए बी 1 प्रपत्र (प्रतिशत) में 04 कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल http:/mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है और यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते है। निविदा अनुसूची इस प्रकार है।

| क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि | क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दस्तावेजों की बिक्री शुरू | 05/10/2024 सुबह 10.30 बजे | 2. | दस्तावेज बिक्री समाप्त | 12/10/2024 को दोपहर 03.00 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली खोलना | 14/10/2024 दोपहर 03.05 बजे के बाद | 4. | मूल्य बोली खोलना | 15/10/2024 सुबह 10.30 बजे के बाद |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Note.1 कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना देखें।
Note. 2 शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है।

Follow us:@mhadaofficial सीपीआरओ/ए/884

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (डब्लू),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण



# वसई-विरार शहर महानगरपालिका

जा.क्र. वविशम/प्रससी/जाहि./151/2024

दि.4/10/2024

वसई विरार शहर महानगरपालिका अधिनियम 1949 चे अधिसुचीतल प्रकरण 8 मधील कलम 1 (1) व 1 (2) अन्वये व 469 च्या नुसार जाहिर नोटीस खालिल मालमत्तेच्या हस्तांतरणा संबंधित वसई विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय विरार येथे प्राप्त मालमत्ता प्रकरणपरत्वे नोटीसनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भाने हरकत अगर आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 15 दिवसांचे आत हितसंबधाच्या व हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय लेखी स्वरुपात हरकत नोंदवावी. अन्यथा करवसुलीच्या सोयीसाठी हस्तांतरण करुन महानगरपालिका याबाबत नोंद घेतली जाईल.

| अ क्र | दिनांक | अनुसुचित दोन/तीन मधील नोटीसीचा मालमत्ता क्र. | करनिर्धार पुस्तकातील वॉर्ड क्र. | मालमत्तेचे ठिकाण | मालमत्तेचे स्वरूप | ज्यांचे नावे मालमत्ता आहे त्यांचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-याचे नाव किंवा अभिहस्तांकन कत्यांचे नाव | खरेदीखताचे किंवा अभिहस्तांकन करत्यांचे नाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19/09/2024 | VR05/818 | 05 | अण्णासाहेब वर्तक हरीजन वसाहत, फुलपाडा रोड | निवासी | कांता बच्चू केवट | चंद्रकांत बच्चू केवट |
| 2 | 19/09/2024 | VR05/3/8 | 05 | अण्णासाहेब वर्तक हरीजन वसाहत, फुलपाडा रोड | निवासी | बच्चु रामजी केवट | चंद्रकांत बच्चू केवट |
| 3 | 19/09/2024 | VR02 / 680/1/7 | 02 | सहयोग अपार्ट. नारंगी फाटा बी 8 | निवासी | सुधिर ग्यानबा भिलारे | रामचंद्र जयराम तावडे व वासंती रामचंद्र तावडे |
| 4 | 20/09/2024 | VR01/277/13 | 01 | ओमकार नगर चाळ बेगर्स होम | निवासी | सुलोचना धोंडू मराठे | गणेश धोंडु मराठे |
| 5 | 24/09/2024 | VR03/141/19 | 03 | साईश्रध्दा अपार्ट. रुम नं. बी-101, अक्षय सो. च्या मागे जिवदानी रोड | निवासी | रुपाली उमेश सेठ | सारिका उदय नाईक व उदय गोपाळ नाईक |
| 6 | 24/09/2024 | VR01/710/22 | 01 | संस्क. ती अपार्टमेंट, ए 103 जी एस समोर, चंदनसार रोड | निवासी | सखाराम भुजंग पाडले व रेश्मा सखाराम पाडले | मनोहर एकनाथ मालगुंडकर व कौशिकी मनोहर मालगुंडकर |
| 7 | 24/09/2024 | VR05/1704 / 10 | 05 | प्रथमेश कॉम्पलेक्स, बि.नं. 4, रुम नं. 204 सहकार नगर, फुलपाडा रोड | निवासी | रवी सहज ठाकूर | अर्चना कुमारी चन्दन झा |
| 8 | 24/09/2024 | VR05/1629/19 | 05 | साई मल्हार फेस 1, प्रथमेश नगर मराठी शाळेच्या मागे | निवासी | सदगुरु कृपा बिल्डर्स | ऋतिक दिलीप बंडबे |
| 9 | 24/09/2024 | VR01/495/15 | 01 | साईछाया अपार्ट, रुम नं. 304 उत्सव अपार्टमेंट मागे | निवासी | किशोर लक्ष्मण राठोड | कार्तिक समानता |
| 10 | 24/09/2024 | VR03/93/6 | 03 | जिवदानी मेन रोड, हिलपार्क को ऑ हौ सो 9/ जे - 103 | निवासी | सविता श्रेयन | बंटी रामप्रवेश चौधरी व रामपदारथ चौधरी |
| 11 | 24/09/2024 | VR01/837/6 | 01 | मधुभाऊ अपार्टमेंट, रुम नं. 06, जानुवाडी बेगर्सहोम, साईनाथ नगर | निवासी | अनिल मधुकर पाटील | शकुंतला नरेश गुप्ता |
| 12 | 24/09/2024 | VR05/1524/131 | 05 | ममता अपार्टमेंट, रुम नं. 104, मराठी शाळेच्या मागे, फुलपाडा विरार | निवासी | सुरेश सिताराम नारकर | स्वाती सुरेश नारकर |
| 13 | 24/09/2024 | VR22/89/7 | 22 | दत्तात्रय निवास को. ऑपरेटिव्ह हौसिंग सोसायटी लि. बिल्डींग नं 01, | निवासी | संजय समयसिंह त्यागी | निवेदिता राजेश जाधव |
| 14 | 24/09/2024 | VR02 / 921/2 | 02 | न्यु एकविरा अपार्ट, बाप्पा सिताराम मंदिराच्यासमोर जिवदानी पाच पायरी | निवासी | साई रिअटलर्स | नंदकुमार वसंत पाटील |
| 15 | 24/09/2024 | VR02/795/134 | 02 | गोविंद एकता अपार्टमेंट, रुम नं-405 जिवदानी पाच पायरी | निवासी | गोविंद एकता बिल्डर्स | रविंद्र प्रभाकर खाड्ये |
| 16 | 24/09/2024 | VR01/824/75 | 01 | श्री गजानन अपार्टमेंट ए बी विंग, जानू वाडी, साईनाथ नगर, विरार पूर्व | निवासी | लक्ष्मी धोंडीराम सालुंखे | अर्चना अनिल मोरे |
| 17 | 24/09/2024 | VR01/816/8 | 01 | यमुना अपार्टमेंट, ए विंग, विजय नगर, नारंगी रोड, विरार पूर्व | निवासी | साईरथ डेव्हलपर्स | सुभाष वासुदेव गुरव व निखिल सुभाष गुरव |
| 18 | 24/09/2024 | VR03/90/2 | 03 | जिवदानी मेन रोड, हिलपार्क को ऑ हौ सो 6/ ए-3 | निवासी | संतोष मौर्य व कल्पना मौर्य | अभय अशोक झा व अशोक जयनारायण झा व सविता अशोक झा |
| 19 | 24/09/2024 | VR03/91/3/1 | 03 | हिलपार्क को. ऑ.हौ.सो. जी विंग नं-04, जिवदानी रोड | निवासी | वनिता दिपक मल्होत्रा | ज्योती प्रदीप अध्यारु |
| 20 | 24/09/2024 | VR01/448/148 | 01 | महाराजा कॉम्पलेक्स, इमारत नं-2, जे विग, रुम नं 01, आनंदी | निवासी | मे सदगुरु कंन्स्ट्रक्शन | समिधा सचिन डोंगरे व अक्षरा अनिल पाटील |

हस्ता.
व्हिक्टर डिसोजा
सहा. आयुक्त
प्रभाग समिती 'सी' चंदनसार
वसई विरार शहर महानगरपालिका

दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### बिहार में सरकारी कर्मचारियों की बहार

**पटना।** बिहार के सरकारी कर्मचारियों के लिए आने वाले साल में छुट्टियों की बहार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट में राज्य कर्मियों के लिए अगले वर्ष यानी 2025 की छुट्टियों के कैलेंडर की मंजूरी दे दी है। बता दें कि 2025 में 2024 के मुकाबले 4 छुट्टियां ज्यादा मिलने वाली हैं। बता दें कि साल 2024 में राज्यकर्मियों को 36 छुट्टियां मिली थीं। इसमें सामान्य अवकाश 15 दिनों का जबकि सार्वजनिक अवकाश 17 दिनों का है। इसके अलावा ऐच्छिक अवकाशों की संख्या 20 है, जिनमें से वे कोई तीन छुट्टी ले सकते हैं। इसके साथ एक दिन की वार्षिक लेखाबंदी की छुट्टी शामिल है।

### एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने थामा बीजेपी का दामन

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मंत्री और विधायक कमलेश सिंह बीजेपी के हो गए। झारखंड NCP (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) के अध्यक्ष एवं हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को बीजेपी में शामिल हुए। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और बीजेपी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा की उपस्थिति में कमलेश सिंह ने बीजेपी का दामन थामा।

### चोरियों का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**राजगढ़।** सारंगपुर थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में हुई चोरियों के मामले में दो आरोपितों सहित चोरी के माल को खरीदने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से पांच लाख 58 हजार 880 रुपए के आभूषण बरामद किए है। थानाप्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने शुक्रवार को बताया कि 15 जुलाई को गवली मौहल्ला सारंगपुर निवासी गोपाल पुत्र श्रीराम सिंह गवली ने शिकायत दर्ज की, बीती रात अज्ञात बदमाश घर में घुसकर सोने का हार, पांच सोने की अंगूठी, चेन, ताबीज, पायल, कमर का करधौना, चांदी की चार चूड़ी और दस हजार नकद चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अफसरों के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर अशोक (48) पुत्र लालचंद गाडरी निवासी नलखेड़ा जिला आगर मालवा और सुनील (19) पुत्र मांगीलाल ग्राम भागड़ी थाना शामगढ़ जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर आरोपितों ने सारंगपुर क्षेत्र में चार चोरी सहित लीमाचैहान और खिलचीपुर क्षेत्र में चोरी करना स्वीकार किया साथ ही उन्होंने चोरी का माल अब्बास (43)पुत्र हाजी निसार निवासी आगरमालवा को बेचना बताया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से पांच लाख 58 हजार 880 रुपए के आभूषण बरामद किए है।

किसी ने खो दिया पिता, किसी के घर का बुझ गया इकलौता चिराग; आंसुओं से भर गईं हर किसी की आंखें

# मिर्जामुराद के 10 मजदूरों की मौत

### कटका में बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर

**एजेंसी । मिर्जापुर**

मिर्जापुर जिले के कछवां बाजार थाना अंतर्गत कटका गांव स्थित नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की आधी रात को एक बेकाबू ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दिया, जिसमें मिर्जामुराद (वाराणसी) के रामसिंहपुर/ बीरबलपुर गांव स्थित दलित बस्ती के 10 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग ट्रामा सेंटर में भर्ती करा उपचार जारी हैं। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। चारों ओर रोना धोना चीख-पुकार सुनाई दे रहा था। लिफ्ट मिक्चर मशीन (ढलाई मशीन) के मालिक भानु प्रताप की 4 वर्ष पहले शादी हुई थी। भानु दो भाइयों में बड़ा था था। इनको 2 वर्ष की एक बेटी (पीहू) है। पत्नी शशि व मां रीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा।



### परिजनों में मचा कोहराम

अनिल कुमार चार भाइयों में सबसे बड़ा व सूरज छोटा भाई था। दोनों सगे भाई बताए गए। पिता हुबलाल खेती का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते है। छोटा बेटा सूरज दिल्ली में रहकर किसी प्राइवेट कम्पनी में जॉब करता है। 25 दिन पहले वह घर आया था। पिता हुब लाल ने बेटे की शादी करने को घर बुला लिया था। बड़े बेटा अनिल कुमार को आकाश (10) व अमित (8) नामक दो बेटे हैं। मृतक की पत्नी लक्ष्मी की 5 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। इस हादसे के कारण इन दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। मृतक रोशन कुमार दो भाई एक बहन में सबसे छोटा रहा। वह कक्षा 9 का छात्र बताया गया। पिता दीनानाथ फेरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मा मंजू सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गईं। मृतक अरुण कुमार पुत्र मुन्ना लाल दो भाइयों में बड़ा था। अरुण का 3 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। निहाल (3) व अरमान (8 माह) दो बेटे है। नाना बाबा राम का रो-रो कर बुरा हाल रहा। अरुण कुमार अपने ननिहाल में नवासा पर रहकर काम कर अपने नाना का देखभाल करता था।

### गुजरात की एक कंपनी में काम करने वाला था मृतक

मृतक प्रेम कुमार गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) रहे। ये भी मजदूरी का काम करते थे। ये तीन बेटे व एक बेटी के पिता हैं। प्रेम कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की पत्नी विमला देवी का रो-रो कर बुरा हाल रहा। ट्रैक्टर चालक मृतक सनोहर कुमार अपने पिता का इकलौता पुत्र है, जो अविवाहित था। उसकी दो बहनें हैं। पिता नंदू लाल मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मृतक नितिन चार भाइयों पर तीसरे नंबर पर था, जो 11वीं का छात्र है। पिता दौलत राम मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। राकेश कुमार उर्फ मुन्ना तीन माह पूर्व अपने घर आया था, जो इधर उधर मजदूरी कर अर्थोपार्जन करता था। पिता कन्हैया लाल का इकलौते पुत्र था। तीन वर्ष पूर्व राकेश का विवाह हुआ था। पत्नी पूजा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक चार बहनों में इकलौता भाई था। राकेश को एक बेटा (मयंक) है, जिसका 24 अक्टूबर को पहला जन्मदिवस मनाने की तैयारी चल रही थी। कार्यक्रम संपन्न होने के पहले ही पिता का साया उठ गया। इसीलिए गुजरात न जाकर राकेश इधर-उधर काम करता था।

### भाजपाजनों ने जाना हाल

वाराणसी के सांसद एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा तथा एमएलसी धर्मेंद्र राय ने मृतक के शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए उनको ढांढस बंधाया। इसके उपरांत बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर में पहुंच कर हादसे में तीनों घायलों का हालचाल लिया। इधर, गांव मे मृतकों के परिजनों से मिलकर मृतकों को दो लाख व घायलों को 50 हजार सहायता राशि देने की घोषणा से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बिंद व देवेंद्र सेठ रहे। इधर, प्रशासन की तरफ से एसडीएम राजातालाब, एसीपी राजातालाब, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित राजस्वकर्मी रामसिंहपुर, बिरबलपुर पहुंचे। इस मौके पर एसडीएम राजातालाब ने मृतकों के परिजनों को आवास देने हेतु सर्वे का आदेश दिया।

## नवरात्रि में सीएम हेमंत सोरेन की रांची को कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात

### 31 परियोजनाओं का भी तोहफा

**एजेंसी । रांची**



नवरात्रि में सीएम हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची को कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात दी। इससे जाम से कराहती रांची को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रांची के 4 लेन स्मार्ट पथ और धनबाद के 8 लेन पथ का भी उद्घाटन किया। इस खास मौके पर सीएम ने कांके रोड फ्लाईओवर की आधारशिला समेत 31 परियोजनाओं का तोहफा दिया।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 परियोजनाओं की दी सौगात

सीएम हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची में सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानंद चौक-जज कॉलोनी, कांके रोड फ्लाईओवर की आधारशिला रखने समेत 31 परियोजनाओं की सौगात दी।

### लंबे समय से जाम से कराह रही रांची को बड़ी राहत

झारखंड की राजधानी रांची लंबे समय से जाम से कराह रही है। कांटाटोली फ्लाईओवर से लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

### 225 करोड़ से बना है कांटाटोली फ्लाईओवर

रांची का कांटाटोली फ्लाईओवर 224 194 करोड़ रुपए की लागत से बना है। यह फ्लाईओवर 2240 मीटर यानी 2 किलोमीटर 240 मीटर लंबा है। इसकी चौड़ाई 16 16 मीटर है।

### रांची को कांटाटोली फ्लाईओवर का तोहफा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के संत पॉल्स कैथेड्रल मैदान में आयोजित समारोह में कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ (रांची) और धनबाद में कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग-8 लेन पथ का उद्घाटन किया। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि कांटाटोली फ्लाईओवर तीन साल के रिकॉर्ड समय में तैयार हो गया है और आम लोगों को समर्पित कर दिया गया है।

'आज पांच हत्याएं होंगी'

## अमेठी हत्याकांड के आरोपी ने लगाया था स्टेटस

### मृतक महिला से थी जान-पहचान

**एजेंसी । अमेठी**

अमेठी में दलित शिक्षक और उसके परिवार की हत्या के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। जांच में पता चला है कि आरोपी चंदन वर्मा की मृतक महिला से जान-पहचान थी और दोनों के बीच वीडियो कॉल की पुष्टि हुई है। घटना के दिन चंदन वर्मा, मंदिर में दर्शन के बाद शिक्षक के घर पहुंचा और पूरे परिवार पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर उनकी हत्या कर दी। मामले की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने घटना से पहले अपने



फोन के स्टेटस पर संदेश डाला था जिसमें लिखा था कि ₹आज पांच हत्याएं होंगी₹। इसके बाद वह खुद भी आत्महत्या करना चाहता था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। शिक्षक सुनील कुमार की पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी चंदन वर्मा पर शक की सूई घूम गई है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने चंदन वर्मा के व्हाट्सएप स्टेटस को भी देखा है। स्टेटस में उसने लिखा है कि '5 लोग मरने वाले हैं मैं तुम्हें दिखाऊंगा।'

## अबुआ आवास के एवज में घूस लेते मुखिया पति रंगे हाथ धराया

**एजेंसी । धनबाद**



बेरमो के नावाडीह प्रखंड के चपरी पंचायत की मुखिया आरती देवी के पति सुंदर महतो को एसीबी धनबाद की टीम ने शुक्रवार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी ने सुंदर महतो को नावाडीह बैंक आंफ इंडिया शाखा परिसर से दस हजार रूपया रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मुखिया पति सुंदर महतो पंचायत के नवाटांड के लाभुक धुजा सिंह की पत्नी से अबुआ आवास योजना के ऐवज मे तीस हजार रिश्वत की मांग की थी जिसकी पहली किस्त की राशि दस हजार दी थी। इससे पूर्व लाभुक ने धनबाद एसीबी की टीम से लिखित शिकायत की थी। एसीबी की टीम ने जांच-पड़ताल कर आज जाल बिछाकर गिरफ्तार कर धनबाद ले गई। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार राज्य में आवास विहीन लाभुक को पक्का मकान देने का वादा को पूरा करते हुए तीन कमरो वाली अबुआ आवास योजना चला रही है। जिसके तहत लाभुक को दो लाख रूपया किस्तवार बैंक खाते में भेजी जाती है। वहीं मनरेगा योजना से लगभग बीस हजार मजदूरी दर में भुगतान की जाती है। प्रखंड कार्यालय से संचालित इस योजना में लाभुक को प्रथम किस्त में तीस हजार व द्वितीय किस्त मे पचास हजार का भुगतान किया जा चुका है जिसे लेकर मुखिया पति व वार्ड नम्बर दो के सदस्य ने तीस हजार की रिश्वत की मांग लाभुक से की थी।

## बिहार में 65 शिक्षकों की नौकरी पर लटकी तलवार

### एक सप्ताह का मिला अल्टीमेटम, लिस्ट जारी

**एजेंसी । कैमूर**

जिला अपीलीय प्राधिकार के आदेश पर नौकरी पाये चैनपुर प्रखंड के 65 शिक्षकों के नौकरी संबंधित कागजात एक सप्ताह के अंदर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने संबंधित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को आदेश दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि न्यायालय जिला अपीलीय प्राधिकार भभुआ द्वारा चैनपुर प्रखंड में अपीलीय प्राधिकार से नियुक्त सभी कार्यरत प्रखंड पंचायत शिक्षकों का नियोजन से संबंधित सभी अभिलेख व अन्य साक्ष्य सहित उपस्थित होने के लिए जिला अपीलीय प्राधिकार से पत्र प्राप्त हुआ है। इसे लेकर सभी शिक्षकों के शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र व न्यायालय के आदेश की सत्यापित प्रति फोल्डर में सम्मिलित कर एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि ससमय न्यायालय में जवाब लगाया जा सके। साथ ही आदेश में कहा गया है कि कागजात जमा नहीं करने या विलंब करने पर इसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।



### फर्जी शिक्षकों की बहाली की गयी

गौरतलब है कि श्रीनिवास तिवारी द्वारा जिला अपीलीय प्राधिकार के आदेश पर नौकरी पाये शिक्षकों से संबंधित जिला अपीलीय प्राधिकार के न्यायालय में अपील दायर किया गया है। दायर अपील में कहा गया है कि फर्जी शिक्षकों की बहाली की गयी है, जो शिक्षक प्राधिकार से नियुक्त किये गये हैं उनके पास नौकरी से संबंधित कोई कागजात नहीं है। इतना ही नहीं प्राधिकार के आदेश का सर्टिफाइड कॉपी व शिक्षकों के नियुक्ति संबंधित कागजात भी शिक्षकों के पास नहीं हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने जारी आदेश में कहा है कि जिला अपीलीय प्राधिकार से नौकरी प्राप्त करने वाले 65 शिक्षकों से जिला अपीलीय प्राधिकार ने इन कागजातों की मांग की है, जिसमें शिक्षकों द्वारा नौकरी के लिए बनाये गये आवेदन पंजी, औपबंधिक मेधा सूची, आपत्ति पंजी, आपत्ति के बाद अंतिम प्रकाशित मेधा सूची, काउंसेलिंग पंजी, चयन सूची, पदस्थापना हेतु अभ्यर्थी का सहमति पत्र, रिक्ति नियुक्ति पत्र व कार्रवाई पंजी आदि अभिलेख फोल्डर में जमा करना है।

## व्यापार जगत

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट से दो दिन में 15 लाख करोड़ डूबे

### सेंसेक्स 808 अंक गिरकर 81,688 के स्तर पर बंद निफ्टी भी 200 अंक गिरा

**एजेंसी । मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली से भारतीय शेयर बाजारों की तूफानी तेजी पर विराम लग गया है। निफ्टी और सेंसेक्स शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीते चार कारोबारी सत्रों में दोनों सूचकांक बुरी तरह धराशायी हो गए। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 3883 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी भी 1129 नीचे आ गया है। बाजार में मचे इस कोहराम से बीते दो दिनों में निवेशकों को 15 लाख करोड़ रुपए की चपत लगी है।



### इन शेयरों में दिखा उतार-चढ़ाव

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, नेस्ले, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### 18 लाख करोड़ घटा बाजार पूंजीकरण

इस हफ्ते बाजार में हुई भारी बिकवाली से बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में 18 लाख करोड़ की गिरावट आई है। इसमें पिछले दो दिनों में ही निवेशकों को कुल 15 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। शुक्रवार को बाजार पूंजीकरण में करीब पांच लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। इससे पहले गुरुवार को 10 लाख करोड़ की चपत लगी थी।

### छोटी कंपनियों के शेयर भी पिटे

इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0 .94 प्रतिशत कमजोर होकर 47,906 .74 अंक और स्मॉलकैप 0 .80 प्रतिशत लुढ़ककर 55,945 .31 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4054 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2387 में गिरावट जबकि 1563 में तेजी रही वहीं 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह नफ्टिी की 37 कंपनियों में बिकवाली जबकि 13 में लिवाली हुई।

### विदेशी निवेशकों ने चार साल की सबसे बड़ी बिकवाली की

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयर बाजारों में भारी बिकवाली की है। गुरुवार को छह घंटे में ही उन्होंने 15,243 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं, पिछले तीन दिनों में एफआईआई 30,614 करोड़ रुपए की भारी बिकवाली कर चुके हैं। यह चार साल में सबसे ज्यादा है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि दरअसल, एफआईआई भारत के महंगे बाजार की जगह हांगकांग के सस्ते बाजार में पूंजी लगा रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि चीन सरकार के मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन से वहां की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा।

### जून 2022 के बाद सबसे खराब हफ्ता

जून 2022 के बाद घरेलू शेयर बाजारों के लिए यह सप्ताह सबसे खराब रहा। बाजार में आई इस बड़ी गिरावट से लगातार तीन हफ्तों की बढ़त भी फिलहाल थम गई है। निफ्टी करीब पांच फीसदी तक फिसलकर 25,000 के स्तर पर आ गया है। यह इसका यह तीन हफ्ते के निचला स्तर है। वहीं, सेंसेक्स भी 30 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच चार प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 82000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे आ गया है। दोनों मानक सूचकांक 27 सितंबर को अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचे थे।

## डिफ्यूजन इंजीनियर्स का शेयर 15.17% ऊपर ₹193 पर लिस्ट

**एजेंसी । मुंबई**

डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर इश्यू प्राइस से 15.17% ऊपर 193 पर लिस्ट हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 11.90% ऊपर 188 पर लिस्ट हुआ। इस इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग का इश्यू प्राइस 168 था। यह IPO 26 सितंबर से 30 सितंबर तक निवेशकों के लिए ओपन था। तीन कारोबारी दिनों में IPO टोटल 114.5 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में 85.61 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) में 95.74 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 207.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था।



### मैक्सिमम 845 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते थे रिटेल निवेशक

डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड ने IPO का प्राइस बैंड 159 से 168 तय किया था। रिटेल निवेशक कम से कम एक लॉट यानी 88 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते थे। यदि आप IPO के अपर प्राइस बैंड 168 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते, तो इसके लिए 14,784 इन्वेस्ट करने होते। वहीं, रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 1144 शेयर्स के लिए अप्लाय कर सकते थे। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,192 इन्वेस्ट करने होते।

### ₹158 करोड़ का था डिफ्यूजन

इंजीनियर्स का इश्यू डिफ्यूजन इंजीनियर्स का ये इश्यू टोटल 158 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी पूरे 158 करोड़ के 9,405,000 फ्रेश शेयर इश्यू किए। कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचे।

### इश्यू का 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व था

कंपनी ने इश्यू का 50% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए रिजर्व रखा था। इसके अलावा 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए रिजर्व था।

## सप्लाई घटने से दिल्ली-एनसीआर में हाउसिंग सेल में गिरावट

**एजेंसी । नई दिल्ली**



मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दिल्ली एनसीआर में हाउसिंग सेल में करीब 7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि एक करोड़ रुपये से कम कीमत वाले घरों की उपलब्धता में कमी होने से हाउसिंग सेल में ये गिरावट दर्ज की गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) के दौरान दिल्ली एनसीआर में कल 12,976 यूनिट्स की बिक्री हुई, जबकि पहली तिमाही (अप्रैल से जून) के दौरान ये आंकड़ा 13,471 यूनिट का था। इसके पहले पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही यानी (जनवरी से मार्च 2024) के दौरान कुल 15,907 यूनिट की बिक्री हुई थी। इस तरह जनवरी से मार्च की तुलना में अप्रैल से जून की अवधि में भी हाउसिंग सेल में 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई थी।

## सुस्ती से जूझ रहे ऑटो सेक्टर को अक्टूबर से उम्मीद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लंबे समय से सुस्ती का सामना कर रहा देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर अक्टूबर के महीने में एक बार फिर रौनक लौटने की उम्मीद कर रहा है। तीन अक्टूबर से नवरात्रि की शुरुआत होने के साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर को ओवरऑल बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। उत्तर भारत में नवरात्रि के दौरान नई गाड़ी खरीदना शुभ माना जाता है। यही कारण है कि इस अवधि में आमतौर पर टू और फोर व्हीलर्स की बिक्री में तेजी आती है। पेसेंजर व्हीकल्स के लिहाज से पिछले कुछ महीने काफी सुस्ती वाले रहे हैं। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी ऑटोमोबाइल कंपनियों को डिमांड में आई सुस्ती की मार झेलनी पड़ी। हालांकि पहली तिमाही के दौरान पैसेंजर



और कमर्शियल व्हीकल्स तथा टू व्हीलर्स की डिमांड में आई कमी के लिए लोकसभा चुनाव की व्यस्तता और गर्मी के मौसम को जिम्मेदार माना गया लेकिन पहली तिमाही खत्म होने के बाद जुलाई और अगस्त में भी ऑटोमोबाइल सेक्टर की डिमांड में तेजी नहीं आ सकी। ऑटोमोबाइल सेक्टर को उम्मीद थी कि सितंबर के महीने में गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे त्योहारों के दौरान मार्केट में डिमांड बढ़ेगी, लेकिन सितंबर के महीने में भी पैसेंजर व्हीकल्स, टू व्हीलर्स या कमर्शियल व्हीकल्स की मांग में सुस्ती बनी रही।

# हॉकी इंडिया लीग की 7 साल बाद वापसी

## पहली बार महिला खिलाड़ी दिखाएंगी दमखम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद 28 दिसंबर से नए स्वरूप में वापसी होगी जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। महिलाओं की स्पर्धा पहली बार आयोजित की जा रही है। लीग का आयोजन 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो स्थानों- राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी।





### खिलाड़ियों की कब होगी नीलामी?

लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक एकत्र होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये में की जाएगी। हॉकी इंडिया लीग की वापसी देश में हॉकी के इतिहास में ही एक अहम कदम नहीं है बल्कि महिला हॉकी को बढावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। पहली बार महिला लीग शुरू करने से महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच मिलेगा। पुरुष वर्ग में फ्रेंचाइजी मालिक चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (याडु ग्रुप), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रिसोल्यूट स्पोटर्स) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं। महिला वर्ग में टीम मालिक हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं। महिला लीग की बाकी दो टीमों का ऐलान बाद में किया जाएगा।

### 'हम अंतरराष्ट्रीय महासंघ के शुक्रगुजार'

उन्होंने कहा, ''हॉकी इंडिया लीग से राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ी निकलेंगे। यह हॉकी में नया इतिहास रचेगी। विश्व हॉकी के लिए भी यह अहम है। हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के शुक्रगुजार है कि हमें 35 दिन का विंडो मिला।'' हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा ,'' इस लीग के लिए इंतजार लंबा रहा है। हॉकी भारत में खेल ही नहीं है बल्कि यह हमारे दिल में है।'' उन्होंने बताया कि एफआईएच ने लीग के लिये हॉकी इंडिया को पांच साल की विंडो दी है। उन्होंने यह भी बताया कि ओडिशा सरकार ने भारतीय हॉकी के साथ प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ा दिया है।

### टीम में कम से कम 16 भारतीय होंगे

हर टीम में 24 खिलाड़ी होंगे जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी होंगे। इनमें चार जूनियर खिलाड़ी और आठ अंतरराष्ट्रीय सितारे होना अनिवार्य है। महिला लीग का फाइनल अगले साल 26 जनवरी को रांची में होगा जबकि पुरुष टीम का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में खेला जायेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और लीग के चेयरमैन दिलीप टिर्की ने कहा कि महासंघ का अध्यक्ष बनने के बाद से उनका सपना लीग को फिर से शुरू करने का था। उन्होंने कहा, ''प्रीमियर हॉकी लीग ने दुनिया में लीग का चलन शुरू किया। पद पर काबिज होने के बाद से हमारा सपना लीग को फिर शुरू करने का था। आज हमारा सपना पूरा हुआ।''

**विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप**

# मुकेश ने लगाया स्वर्णिम चौका



**एजेंसी । लीमा**

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय युवा निशानेबाज मुकेश नेलवल्ली ने स्पर्धा का चौथा स्वर्ण पदक जीता। यह देश का आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में 11 स्वर्ण जबकि 16वां पदक है। भारत तालिका में शीर्ष पर कायम है। मुकेश ने हमवतन राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था के साथ मिलकर 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में सोने पर निशाना साधा। ने मुकेश इससे पहले 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता था।


### राजवर्धन व्यक्तिगत पदक से चूके

मुकेश और राजवर्धन दोनों ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन वहां वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। राजवर्धन फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए। मुकेश पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में परीक्षित सिंह बराड़ ने 623.0 का स्कोर बनाकर भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शिवेंद्र बहादुर सिंह 618.4 के स्कोर के साथ 14वें जबकि वेदांत नितिन वाघमारे 613.2 के स्कोर के साथ 24वें स्थान पर रहे।

# बोपन्ना-डोडिग ने पार की पहले दौर की बाधा

**एजेंसी । शंघाई**

भारत के रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग ने शुक्रवार को एटीपी शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर की बाधा पार कर ली। पांचवीं वरीयता प्राप्त बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी ने स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा और पेड्रो मार्टिनेज को एक घंटे तीन मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से पराजित किया। इन दोनों ने जोड़ी बनाने के बाद अपने पहले मैच में ही जीत दर्ज की। बोपन्ना-डोडिग ने पांच ऐस लगाए और आठ ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। उन्होंने अपने



सर्विस गेम में चार बार ब्रेक प्वाइंट के मौके भी बचाए और मैच में सिर्फ एक बार सर्विस गंवाई। सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों के पहले दौर में बाहर होने से भारत की एकल में चुनौती पहले ही समाप्त हो चुकी है। रामकुमार ने क्वालीफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी जबकि नागल को सीधे प्रवेश मिला था।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में 1400 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

वागड़ ग्लोबल स्कूल ने पहली बार ही सीबीएसई क्लस्टर आईएक्स फुटबॉल टूर्नामेंट 2024- 2025 का 25 सितंबर से 29 सितंबर, 2024 के दौरान आयोजन किया। टूर्नामेंट की स्पर्धा में 84 टीम और 63 स्कूलों ने हिस्सा लिया। कुल 1400 विद्यार्थियों ने अपनी कुशलता और युवा एथलीट्स का उत्साह दर्शाया। इसमें प्रारंभिक सिटी से फाइनल बोलने तक वातावरण में उत्तेजना छाई रही। इस इवेंट के मुख्य अतिथि नितिन भाई छाडवा थे। उन्होंने अपने भाषण में टीमवर्क के महत्व, निरंतर प्रयास और



व्यक्तिगत विकास में खेलकूद के महत्व की भूमिका को समझाया था। मैच के अलावा यहां फूड स्टॉल और अन्य प्रवृत्तियां थी। खेलकूद के उत्साही यहां परस्पर मिल सकते थे। इस टूर्नामेंट में मात्र एथलीट टैलेंट ही दिखाई नहीं दिया, बल्कि समाज भावना और बिरादरी का बेहतर प्रदर्शन भी दिखाई दिया था। विजेताओं की टीम देखे तो 14 वर्ष से नीचे की स्पर्धा में प्रथम नंबर पर नासिक की आर्मी पब्लिक स्कूल, दूसरे नंबर पर पुणे की अमरोमा स्कूल और तीसरे नंबर पर पुणे की आर्मी पब्लिक स्कूल विजेता बनी। 17 वर्ष से नीचे की स्पर्धा में प्रथम नंबर पर खोलापुर की संजीव स्कूल, दूसरे नंबर पर एरोली की न्यू होराइजन स्कूल और तीसरे नंबर पर औरंगाबाद की डिफेंस कैरियर स्कूल विजेता बनी। 19 वर्ष से नीचे की स्पर्धा में प्रथम नंबर पर खोलापुर की संजय गोरावत स्कूल, दूसरे नंबर पर पुणे की आर्मी पब्लिक स्कूल और तीसरे नंबर पर थाना की अंबर स्कूल विजेता रही।

## मुंबई के मैदानों से

### घुड़दौड़: जुलिएट बेजोड़


**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

भारतीय घुड़दौड़ इतिहास की सबसे सफल मेअर्स जुलिएट शनिवार को एक बार फिर पुणे रेसकोर्स पर उतर रही है। दिन की मुख्य दौड़ थ्रेप्टिन फिलीज एंड मेअर्स स्टेक्स में जुलिएट के मुकाबले मात्र दो प्रतिद्वंद्वी मैदान में है, इसलिए उसके जीत की प्रबल संभावना है। कुल आठ दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ दोपहर 1.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- स्टॉर्म क्लाउड (प्र.), जिप्सी सोल (द्वि.), 2- लियो द लॉयन (प्र.), युलेडाईड (द्वि.), 3- ऑर्ट कलेक्टर (प्र.), एज्रिनाज (द्वि.), 4- एर्बिट्रेज (प्र.), सुपरइम्पोज (द्वि.), 5- मुमताज़ (प्र.), जेन्डेया (द्वि.), 6- जुलिएट (प्र.), वेस्ट ब्रुक (द्वि.), 7- सेलेस्टिएल (प्र.), कन्या राशि (द्वि.), 8- बूस्टर शॉट (प्र.), कान्स्टेबल (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः जुलिएट।

### नीरज मखीजा की आसान जीत

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

यूएई के नीरज मखीजा ने क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के स्क्वैश कोर्ट पर खेले जा रहे तृतीय मुंबई मास्टर्स स्क्वैश चैंपियनशिप 2024 के पहल दौर के मुकाबले में भारत के करुश मिस्त्री को 11-2, 11-6, 11-5 से पराजित करके पुरुष ओपन 50+ के दूसरे दौर में जगह बनाई। इसी ग्रुप के अन्य मैचों में दीप आष्टा ने राजीव गुप्ता को 11-3, 4-11, 11-8, 7-11, 11-4 से, साजन जोशी ने भूषण वावीकर को 11-3, 11-2, 11-6 से, राहुल केसर ने हिमांशू जोशी को 11-5, 11-3, 11-5 से संजय सुरी ने नीरज काकड 11-6, 11-2, 11-3 से, गौरव रक्षित ने आशीष मेहता को 12-10, 10-12, 12-10, 11-5 से, देवांग आशर ने नितीन कपूर 11-3, 11-7, 11-5 के और हर्ष राघवन ने जो अब्राहम को 6-11, 8-11, 13-11, 11-5, 11-2 से मात दी और अगले दौर का सफर तय किया।



# नीरज पांडे की वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी को पिछली बार फिल्म वेब सीरीज 'शोटाइम' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। डिज्नी+ हॉटस्टार पर आई इस सीरीज में नसीरुद्दीन शाह और मौनी रॉय जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब खबर आ रही हैं कि इमरान ने जाने-माने निर्देशक नीरज पांडे के साथ एक हाथ मिलाया है। दरअसल, नीरज एक दिलचस्प वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसमें इमरान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### इमरान को पसंद आ गई कहानी

एक रिपोर्ट के अनुसार, नीरज अपनी आगामी वेब सीरीज के लिए इमरान से बातचीत कर रहे हैं। दोनों के बीच कई मुलाकात हो चुकी हैं। कहा जा रहा है इमरान को सीरीज की कहानी पसंद आ गई है और वह इसके लिए राजी भी हो गए हैं। नीरज और इमरान के बीच यह पहला सहयोग होने वाला है। बता दें कि नीरज और इमरान की यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस खबर का आधिकारिक ऐलान जल्द होगा।

### 'गुडाचारी 2' में नजर आएंगे इमरान

काम के मोर्चे पर बात करें तो इमरान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'गुडाचारी 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म साल 2018 में आई स्पाई थ्रिलर फिल्म 'गुडाचारी' का सीक्वल है। इस फिल्म में अदिवी शेष मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार मधु शालिनी के साथ बनी है। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की नई 'सोनू' बनीं खुशी माली

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोटे पर्दे के सबसे लोकप्रिय और सबसे लंबे समय तक चलने वाले धारावाहिकों में से एक है। हालांकि, पिछले कई साल से कुछ कलाकार लगातार शो को छोड़कर जा रहे हैं। हाल ही में सोनू भिड़े का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं अभिनेत्री पलक सिधवानी ने यह शो छोड़ा था। वह पिछले 5 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे थे। अब इस शो को नई सोनू मिल गई है।

### टीम ने किया खुशी का स्वागत

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू का किरदार अब खुशी माली निभाने वाली हैं। टीम ने उनका स्वागत करते हुए लिखा, 'टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू भिड़े के रूप में खुशी माली का गर्मजोशी से स्वागत करने में हमारे साथ शामिल हों। उनकी ऊर्जा और आकर्षण से गोकुलधाम को जगमगाते देखने के लिए तैयार हो जाइए। आइए 7 अक्टूबर, 2024 को रात 8:30 बजे उनका गोकुलधाम में भव्य स्वागत करें।'



### टीवी शो 'साजा सिंदूर' में नजर आ चुकी हैं खुशी

खुशी पेशे से एक अभिनेत्री और मॉडल हैं। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से पहले वह टीवी शो 'साजा सिंदूर' में नजर आ चुकी हैं, जिसमें उनकी अदाकारी को खूब पसंद किया गया था। खुशी ने कई विज्ञापनों में भी काम किया है। इंस्टाग्राम पर खुशी को 54,000 से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। बता दें कुश शाह, भव्य गांधी, गुरुचरण सिंह, शैलेश लोढ़ा, नेहा मेहता और जेनिफर मिस्त्री सहित कई अन्य कलाकार यह शो छोड़ चुके हैं।

# 'तनु वेड्स मनु 3' में ट्रिपल रोल करेंगी कंगना रनौत

कंगना रनौत जल्द ही कई फिल्मों में नजर आएंगी। तनु वेड्स मनु रिटर्न्स भी उनकी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। इसके सीक्वल को लेकर लंबे समय से खबरें आ रही हैं। यहां तक कि खुद निर्देशक आनंद एल राय सीक्वल से जुड़ीं कई जानकारियां साझा कर चुके हैं, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इसे लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा। दरअसल, 'तनु वेड्स मनु 3' में कंगना 3 अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आएंगी।



### कब शुरू होगी शूटिंग और कब रिलीज होगी फिल्म?

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग अगले साल जुलाई या अगस्त में शुरू होगी। इससे पहले राय अभिनेता धनुष और कृति सैनन के साथ फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग पूरी करेंगे, वहीं इसी बीच कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' पर्दे पर आएगी। बताया जा रहा है कि 'तनु वेड्स मनु 3' साल 2026 में पर्दे पर आएगी। 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' में कंगना ने डबल रोल किया था और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी थी।

### करियर में पहली बार ट्रिपल रोल करेंगी कंगना

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरे भाग की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां दूसरा भाग खत्म हुआ था। एक बार फिर कंगना संग आर माधवन की जोड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म में खूब रोमांस और ड्रामा होगा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कंगना इस फिल्म में पहली बार ट्रिपल रोल करने जा रही हैं। उनके एक्टिंग करियर में यह पहला मौका होगा, जब वह फिल्म में 3 अलग-अलग किरदार निभाएंगी। इसे लेकर कंगना बेहद उत्साहित और रोमांचित हैं।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**के. ई. एम. अस्पताल, परेल**

केईएमएच/3466/एईएमई/ दिनांकः 04/10/2024

**ई-निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | | :- | विभाग केईएम अस्पताल |
| बोली आमंत्रण संख्या | | :- | बोली नं. 2024_एमसीजीजी_1104355 |
| विषय | | :- | केईएम अस्पताल में नर्सिंग कैंटीन के लिए बुनियादी रसोई सुविधाएं उपलब्ध कराना और ठीक करना |
| बोली की बिक्री | | :- | दिनांक 05/10/24 को शाम 4 बजे से दिनांक 12/10/24 को शाम 4 बजे तक |
| वेबसाइट | | :- | https://portal.mcgm.gov.in |
| अ) | संपर्क अधिकारी | :- | सहायक अभियंता (एमएंडई) के ई एम |
| ब) | नाम | :- | श्रीमती मनीषा जाधव/श्री. केतन गवाड़े |
| स) | टेलीफोन | :- | 02224107768/7457 |
| द) | ईमेल आईडी | :- | ae02me.kem@mcgm.gov.in |

पीआरओ/1551/विज्ञा./2024-25

हस्ता./
डीन(केईएमएच)

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पी/दक्षिण**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.)**

सहायक आयुक्त पी/साउथ वार्ड से दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 से दिनांक 15 अप्रैल, 2025 तक 06 महीने की अवधि के लिए मैनिंग मॉपिंग योजना के कार्य के लिए लाह मुहरबंद रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। पात्र संस्थाओं की सूची तैयार करने और लॉटरी सिस्टम द्वारा चयन करने के लिए पी/दक्षिण वार्ड की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर पंजीकृत इच्छुक एनजीओ संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक एनजीओ संस्थाएं एमसीजीएम पोर्टल साइट http://portal.mcgm.gov.in पर उक्त रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के बारे में विवरण प्राप्त कर सकती हैं या ए.ई. (एसडब्ल्यूएम) पी/साउथ वार्ड के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

नियम व शर्तों के विवरण के साथ अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) की प्रति ए.ई. (एसडब्ल्यूएम) पी/दक्षिण के कार्यालय में दिनांक 05 अक्टूबर, 2024 से दिनांक 09 अक्टूबर, 2025 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। तथा ईओआई आवेदन जमा करते समय रु. 3300/- + 18% जीएसटी की सेवा शुल्क रसीद की प्रति संलग्न करनी होगी। इस मामले में सहायक आयुक्त पी/दक्षिण का निर्णय अंतिम तथा सभी पर बाध्यकारी होगा।

निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 09 अक्टूबर, 2024 शाम 4:00 बजे तक है।

पीआरओ/1528/विज्ञा./2024-25

हस्ता./
सहायक आयुक्त (पी/दक्षिण)

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

न्यूज़ ब्रीफ

## बेंगलुरु के तीन कॉलेजों को मिली धमकी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु शहर के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को आज दोपहर एक ईमेल में बम की धमकी मिली। ये ईमेल आज दोपहर में मिला, जिसमें लिखा था उनके परिसर में बम लगाए गए थे, हालांकि ये खबर बाद में एक अफवाह निकली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बसवनगुड़ी में बेंगलुरु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और सदाशिवनगर में एमएस रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को दोपहर करीब 1 बजे ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली।

## 2025 में रूस सौंपेगा S-400 की दो यूनिट, वायुसेना प्रमुख ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** 30 सितंबर को वायुसेना प्रमुख की कमान संभालने के बाद शुक्रवार को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने मेक इन इंडिया हथियारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की किसी भी चुनौती से निपटने की खातिर स्वदेशी हथियारों का होना अहम है। सिंह ने कहा कि भारतीय वायुसेना के पास 2047 तक देश में निर्मित पूरी इन्वेंट्री होनी चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि रूस से अब तक एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयां मिल चुकी हैं। अगले साल बाकी दो इकाइयों को देने का वादा किया है।

## कोलकाता प्रकरण : जूनियर डॉक्टरों ने की दोबारा हड़ताल खत्म

**कोलकाता।** कोलकाता रेप मर्डर केस को लेकर दूसरी बार हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने का फैसला किया है। गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक चली मीटिंग में जूनियर डॉक्टरों की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज आ रहे हैं। हम अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे, लेकिन हड़ताल खत्म करेंगे। मांगों को लेकर हम राज्य सरकार को डेडलाइन देंगे। हमारी मांगें तब तक भी नहीं मानी गई तो हम आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। दरअसल, कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर से रेप के बाद जूनियर डॉक्टरों ने 10 अगस्त से 21 सितंबर के बीच 42 दिन तक हड़ताल की थी। राज्य सरकार ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मान ली थी, जिसके बाद डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म की थी।

## BCCI की एंटी करप्शन यूनिट के चीफ बनाए गए रिटायल IPS शरद कुमार

**मुंबई।** रिटायर IPS शरद कुमार को BCCI की एंटी करप्शन यूनिट का चीफ बनाया गया है। शरद 4 साल तक NIA के चीफ भी रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश के बरेली से ताल्लुक रखने वाले 68 वर्षीय कुमार की नियुक्ति 1 अक्टूबर को क्रिकेट निकाय में की गई थी। शरद 3 साल तक एंटी करप्शन यूनिट के हेड बने रहेंगे। वे हरियाणा कैडर के 1979 बैच के IPS अधिकारी हैं। वे हरियाणा कैडर के ही पूर्व आईपीएस अधिकारी केके मिश्रा की जगह लेंगे।

## जम्मू-कश्मीर में LoC के पास लैंडमाइन ब्लास्ट, 2 जवान घायल

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में LoC के पास शुक्रवार सुबह एक लैंडमाइन ब्लास्ट हुआ, जिसमें सेना के 2 जवान घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने कहा कि त्रेहगाम इलाके में कुछ जवान पेट्रोलिंग कर रहे थे।

# तिरुपति लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बनाई SIT

**एजेंसी । नई दिल्ली**

तिरुपति लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने नई SIT (विशेष जांच टीम) बनाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पांच सदस्यीय जांच टीम बनाई जानी चाहिए। इस टीम में दो अधिकारी सीबीआई से, दो अधिकारी राज्य सरकार के और एक अधिकारी FSSAI का होना चाहिए। इस जांच की निगरानी सीबीआई डायरेक्टर को करेंगे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा ₹हम अदालत को राजनीतिक लड़ाई के प्लेटफार्म में तब्दील होने की इजाजत नहीं दे सकते।₹ पहले इस मामले की जांच आंध्र प्रदेश सरकार के अधिकारी कर रहे थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तिरुपति बालाजी प्रसाद बनाने में प्रयोग होने वाले घी में मिलावट के आरोपों की जांच राज्य सरकार की SIT नहीं करेगी और नई SIT के गठन को लेकर निर्देश दिए।

**5 अधिकारी करेंगे मामले की जांच**



### सुप्रीम कोर्ट में कई याचिका दायर

तिरुपति मंदिर लड्डू प्रसाद विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिका दायर की गई थीं। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नई जांच टीम बनाने का निर्देश दिया है।

### सुनवाई के दौरान क्या हुआ ?

याचिकाकर्ता की ओर से कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि कल फिर इसको लेकर बयान जारी किया गया। सिब्बल ने मांग की कि कोर्ट इस मामले की जांच का जिम्मा SIT के बजाए किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी को सौंप दे। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि बेहतर होगा कि इसकी स्वतंत्र जांच हो। इसमें केन्द्र के अधिकारी और राज्य के अधिकारी शामिल हों। आंध्र प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि अगर SIT में किसी अधिकारी को कोर्ट जोड़ना चाहता है तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं है।

### सियासी ड्रामा नहीं चाहते : कोर्ट

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि SIT की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है। हम चाहते है कि सेंट्रल पुलिस फोर्स के किसी सीनियर अधिकारी को जांच की निगरानी सौंपी जाए। उन्होंने कहा ₹मैंने मुद्दे की जांच की। एक बात स्पष्ट है कि यदि इस आरोप में सच्चाई का कोई अंश है तो यह अस्वीकार्य है। देशभर में भक्त हैं। खाद्य सुरक्षा भी जरूरी है। मुझे एसआईटी के सदस्य जो जांच कर रहे है उस पर कोई आपत्ति नहीं है।₹ कोर्ट ने कहा कि यह करोड़ों लोगों की आस्था का मामला है। हम नहीं चाहते कि यह सियासी ड्रामा बने। कोर्ट ने सुझाव दिया कि 5 लोगों की SIT बनाई जा सकती है, जिसमें सीबीआई के दो अधिकारी और FSSAI का एक सदस्य शामिल हों।

# साइबर अपराध को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका

**याचिकाकर्ता ने की कमेटी बनाने की अपील**

**नई दिल्ली**

देश में बढ़ते साइबर अपराध को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रदीप यादव ने याचिका में कहा है कि लोग बड़े पैमाने पर साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के पूर्व जजों से भी ठगी हुई है। याचिका में भारत के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश से की गई साइबर ठगी और वर्तमान चीफ जस्टिस के नाम पर की गई साइबर ठगी का भी हवाला दिया गया है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की निगरानी में एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की है जो साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए सुझाव दे।

### सीबीआई की रेड



बता दें कि इसी कड़ी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बीते दिनों धोखाधड़ी की गतिविधियों में शामिल 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया था। ये अपराधी दुनियाभर में लोगों को साइबर अपराध का शिकार बनाते थे। सोमवार के दिन जानकारी साझा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन चक्र-3 के तहत गुरुवार की देर रात पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 59 .45 लाख रुपए नकद, तीन लग्जरी गाड़ियां और लॉकर की चाबियां बरामद की गई हैं। एजेसी ने जिन स्थानों पर छापमेरी की उनमें से चार कॉल सेंटर पुणे के रीजेंट प्लाजा में स्थिति हैं।

### कई लोगों की हुई गिरफ्तारी

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने चार कॉल सेंटरों में ऑनलाइन आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 170 लोगों को पकड़ा है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बयान देते हुए कहा कि जिन साइबर अपराधियों को इस अभियान में निसाना बनाया गया है, वे कई तरह के अवैध गतिविधियों में शामिल थे। ये तकनीकी सहायता सेवा देने के नाम पर अमेरिका में लोगों से संपर्क साधते थे, जिसकी आड़ में उनके सिस्टम को ये हैक करते और उनसे पैसे ऐंठते हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने देशों की जांच एजेंसियों की निगरानी में हैं।

## जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में भाजपा सरकार बनाएगी : शिवराज सिंह

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा दोनों राज्यों में सरकार बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि



हालांकि, झारखंड चुनाव के लिए अभी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन वहां भाजपा की जारी परिवर्तन यात्रा को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। शिवराज ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान मैं जम्मू-कश्मीर और हरियाणा गया। हरियाणा में (भाजपा के पक्ष में) माहौल बहुत अच्छा है और हम वहां भी सरकार बनाने जा रहे हैं। कृषि से संबंधित केंद्रीय कैबिनेट के निर्णयों के बारे में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने कहा कि पिछले 120 दिनों में, केंद्र सरकार ने किसानों के हित में कई फैसले लिए। किसानों को (उनकी उपज की) अच्छी कीमत दिलाने के लिए जो निर्णय लिए गए, उनमें से एक का हमारे तिलहन उत्पादन पर बहुत प्रभाव पड़ेगा।

# तीन और पाकिस्तानी नागरिक बेंगलुरु से गिरफ्तार

**एजेंसी । बेंगलुरू**

बेंगलुरू में तीन और पाकिस्तानी मूल के नागरिक पकड़े गए हैं। ये तीनों अपनी असली पहचान छिपाकर रह रहे थे। इन तीनों की गिरफ्तारी के साथ ही चेन्नई और बेंगलुरु में गिरफ्तार हुए पाकिस्तानी नागरिकों की कुल संख्या 11 हो गई है। हाल ही में बेंगलुरु ग्रामीण पुलिस ने जिगनी इलाके में शंकर शर्मा के नाम से रह रहे पाकिस्तानी नागरिक राशिद अली सिद्दीक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनसे की गई पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पीणिया इलाके से तीन संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये लोग 8 साल पहले अवैध तरीके से भारत में घुसपैठ करके आए थे।

**कल्ट सुफिज्म का प्रचार कर रहे आरोपी**



राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां इस बात की जांच कर रही है कि और कितने लोग अपनी पहचान बदलकर यहां रह रहे हैं। पहले गिरफ्तार हुए राशिद अली सिद्दीक की तरह तारिक सईद के बारे में भी ये बताया गया है कि वो 8 साल पहले परिवार के साथ अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुआ। पहले कोच्चि में और बाद में बेंगलुरु में रहकर वो मेहदी फाउंडेशन के यू ट्यूब चैनल के जरिये कल्ट सुफिज्म का प्रचार कर रहा था।

### असली पहचान छिपाई, बन गए हिंदू

पुलिस सूत्रों के मुताबिक बेंगलुरु में तारिक सईद हिन्दू बनकर सनी चौहान के नाम से रह रहा था जबकि उसकी पत्नी अनिला सईद दीपाली चौहान के नाम पर रह रही थी, उनकी 17 साल की बेटी भी हिन्दू बनकर बेंगलुरु में पढ़ाई कर रही है। पुलिस और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की अब तक की पूछताछ में ये बात पुख्ता हुई है कि मेहदी फाउंडेशन जिसके लिए आरोपी धार्मिक प्रचार का काम कर रहे थे, उन्हीं के लोगों ने भारत में आरोपियों को घर दिलाया और आर्थिक तौर पर हर तरीके से मदद की। अब एजेंसियां इस बात की जांच कर रही है कि पाकिस्तानी नागरिकों को अवैध तरीके से भारत लाने में मेहदी फाउंडेशन की कोई भूमिका तो नहीं है?

# केजरीवाल ने 9 साल बाद CM आवास छोड़ा

**AAP सांसद के बंगले में हुए शिफ्ट**



**नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास खाली कर दिया है। वे शुक्रवार दोपहर लुटियंस दिल्ली में फिरोजशाह रोड पर बंगला नंबर-5 में शिफ्ट हो गए। यह बंगला पंजाब से AAP के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल को दिया गया है। केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल, माता-पिता और दोनों बच्चों के साथ शिफ्ट हुए हैं। अशोक मित्तल और उनकी पत्नी ने सभी का अपने घर में स्वागत किया। मित्तल ने कहा कि केजरीवाल गेस्ट के तौर पर मेरे घर में शिफ्ट हुए हैं।

### 17 सितंबर को सीएम पद से इस्तीफा दिया था

केजरीवाल ने 17 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने CM आवास और सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ने का ऐलान किया था। AAP ने कहा था कि केजरीवाल नया घर देख रहे हैं। वे ऐसी जगह ढूंढ रहे हैं, जहां रहने में कोई विवाद न हो। AAP ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार से केजरीवाल को नेशनल पार्टी के प्रमुख के तौर पर आवास मुहैया कराने की मांग की गई थी, लेकिन सरकार की ओर से इस पर कोई जवाब नहीं आया था।

# अशोक तंवर औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली**

पूर्व सांसद अशोक तंवर शुक्रवार को कांग्रेस में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कांग्रेस मुख्यालय में तंवर का स्वागत किया और उन्हें संविधान की एक प्रति सौंपी। तंवर ने हरियाणा के दलित और अन्य पिछड़े वर्गों के मतदाताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस को बड़ा जनादेश दें ताकि यह प्रदेश नंबर एक बन सके। तंवर एक दिन पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ हरियाणा के महेंद्रगढ़ में चुनावी मंच पर नजर आए थे। इससे कुछ घंटे पहले ही उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार किया था।

**तंवर के आने से मजबूती मिलेगी**



माकन ने तंवर का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि हम देश के संविधान और बाबासाहेब आंबेडकर के सिद्धांतों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। हमें आशा है कि अशोक तंवर के आने से इन प्रयासों को और बल मिलेगा।

### तंवर ने भाजपा पर निशाना साधा

तंवर ने कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस से हुई। कुछ समय के लिए मैं भाजपा में शामिल हो गया, लेकिन वहां देश के संविधान और बाबासाहेब के प्रति कोई आस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को बांटने का काम करती है, लेकिन राहुल गांधी ने यात्रा निकालकर लोगों को एक करने का काम किया है। पूर्व सांसद ने कहा कि मैं फिर देश जोड़ने और संविधान बचाने की लड़ाई में राहुल गांधी के साथ खड़ा हूं।

# सोमनाथ मंदिर के पास अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन

**सुप्रीम कोर्ट नाराज, गुजरात सरकार से जवाब मांगा**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात में अधिकारियों ने बुलडोजर एक्शन पर उसके आदेश की अवमानना की है तो हम न केवल अधिकारियों को जेल भेजेंगे, बल्कि उन्हें सारी संपत्तियां दोबारा बनवाने का आदेश दिया जाएगा। यह बात जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कही। बेंच गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पास बने अवैध निर्माणों पर 28 सितंबर को हुए बुलडोजर एक्शन के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में समस्त पाटनी मुस्लिम



जमात ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई करने की मांग की थी। इस दौरान मुस्लिम धार्मिक और आवासीय स्थलों को ज्यों का त्यों रखने की मांग खारिज कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

### सोमनाथ मंदिर से 340 मीटर दूर बने थे घर और दरगाह

याचिका पाटनी मुस्लिम जमात के वकील संजय हेगड़े ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आदेश के बावजूद गुजरात में अधिकारियों ने बुलडोजर एक्शन को अंजाम दिया। यहां 57 एकड़ के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की करीब 5 दरगाहें, 10 मस्जिदें और 45 घरों पर बुलडोजर चलवाया गया। गुजरात के अधिकारियों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ये संरचनाएं समुद्र से सटी हुई थीं और सोमनाथ मंदिर से करीब 340 मीटर दूर थीं।

**शर्मनाक** | **अंधविश्वास में दम तोड़ती आत्माएं**

# काला जादू के संदेह में महिला को जिंदा जलाया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मेडक। अंधविश्वास पर यकीन करना इंसान को भी हैवान बना कर रख देता है और इस कारण कई बड़ी वारदातें देखने को मिलती रहती हैं। इसका ताजा उदाहरण तेलंगाना के मेडक जिले से सामने आया है। यहां एक गांव में महिला को काला जादू के शक में जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को इस खौफनाक वारदात के बारे में जानकारी दी है।



### क्या है पूरा मामला?

तेलंगाना पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये वारदात गुरुवार की है। रात के समय रामायमपेट मंडल के कटरियाल गांव में स्थित एक 45 साल की महिला के घर पर करीब 6 लोगों ने हमला कर दिया और उसे आग लगा दिया। महिला के साथ मारपीट करने और उसे जला देने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पड़ी महिला को अस्पताल में ले जाया गया। हालांकि, उसे बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

### काला जादू के शक में हुई वारदात

स्थानीय पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर बताया है कि घटना को अंजाम देने वाले लोगों ने महिला के ऊपर उनके परिवार के एक सदस्य पर काला जादू करने का आरोप लगाया था। करीब 6 लोगों ने इस कारण महिला पर हमला कर दिया। उन्होंने महिला को जिंदा जला दिया।

### आरोपियों की पहचान हो गई : पुलिस

पुलिस ने बताया है कि काले जादू के आरोप में महिला को जला देने के मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने ये भी कहा है कि इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है। पुलिस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई कर रही है।

# भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर जाएंगे पाकिस्तान

**नई दिल्ली । नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच बीते लंबे समय से तनाव की स्थिति है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध करीब न के बराबर हैं। हालांकि, इस बीच बड़ी खबर सामने आई कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान की यात्रा पर जाने वाले हैं। दरअसल, जयशंकर पाकिस्तान में इस साल होने वाले SCO यानी शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेंगे।

### कब है SCO सम्मेलन?

दरअसल, SCO की शिखर वार्ता का आयोजन इस साल अक्तूबर महीने में ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक होने जा रही है। 15-16 अक्टूबर को होने वाले इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए विभिन्न देशों को न्योता भेजा गया था। इसलिए एस जयशंकर पाकिस्तान की यात्रा करेंगे।



### पाकिस्तान ने पीएम मोदी को दिया था न्योता

दरअसल, बीते अगस्त महीने के आखिर में पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को SCO की बैठक में भाग लेने के लिए न्योता भेजा था। पाकिस्तानी प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने बताया था कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि, तब ये खुलासा नहीं हुआ था कि भारत की ओर से इस बैठक में कौन भाग लेगा। अब ये साफ हो गया है कि पीएम मोदी SCO की बैठक में भाग नहीं लेंगे। उनकी जगह पर विदेश मंत्री एस जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।